माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 182, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 14
लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 2

## एक नजर

### बीआरएस नेता को पूछताछ को तलब किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता को अगले सप्ताह तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कविता को सोमवार को यहां सीबीआई मुख्यालय में जांच टीम के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। एजेंसी ने इससे पहले दिसंबर, 2022 में हैदराबाद में कविता के आवास पर उनका बयान दर्ज किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी विजय नायर ने आम आदमी पार्टी नेताओं को पहुंचाने के लिए 'साउथ ग्रुप' नामक समूह से कम से कम 100 करोड़ की रिश्वत ली थी।

### विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला। संदेश में दावा किया गया था कि इसे विद्या बालन ने भेजा है और वह उनसे (स्टाइलिस्ट) काम के बारे में चर्चा करना चाहती हैं।

### बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले वर्ष 5 दिसंबर को हरियाणा और राजस्थान में चीकू और कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित 13 परिसरों पर छापा मारा था। चीकू एक गैंगस्टर के साथ ही बिश्नोई एवं खालिस्तानी आतंकवादी समूहों का करीबी सहयोगी भी है।

# यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।




संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

### गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

**मुरादाबाद।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

### समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

### गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

### मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

# किसान की मौत, 12 पुलिसकर्मी घायल

## झड़प : किसानों को खदेड़ने के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

**सरकार ने किसानों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया :** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।



शंभू सीमा पर पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भागते प्रदर्शनकारी किसान।

### किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

### पुलिस ने सीमाओं की किलेबंदी की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी और सुरक्षाकर्मियों को टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया है। कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात करने के बाद दिल्ली-गुरुग्राम, दिल्ली-बहादुरगढ़ और कई अन्य सड़कों पर यातायात बाधित रहा। दिल्ली और हरियाणा के दो सीमा बिंदु- टीकरी और सिंघू को भारी संख्या में पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती तथा कई चरणों में कंक्रीट के अवरोधक और लोहे की कीलें लगाकर सील कर दिया गया है। गाजीपुर सीमा को और पुलिसकर्मियों को तैनात कर बंद कर दिया गया है।

# कांग्रेस पर आयकर विभाग की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के खातों से 65 करोड़ हस्तांतरित करने के निर्देश

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने विभिन्न बैंकों को उसके खातों से 65 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करने के लिए कहा है, जबकि आयकर रिटर्न से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह कदम अलोकतांत्रिक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल आयकर विभाग ने बैंकों को कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित करने के लिए कहा। यह सरकार की तरफ से उठाए गए चिंताजनक कदम का द्योतक है।

माकन के अनुसार, 60.25 करोड़ रुपये की राशि कांग्रेस के खातों और पांच करोड़ रुपये युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए आयकर देना आम बात है? नहीं। क्या भाजपा आयकर देती है? नहीं।

### जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे



- 42 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा कार्यक्रमों में दी आवाज

**मुंबई।** जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुंबई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी। सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया कि रेडियो पर अमीन सयानी की मखमली आवाज ने हर पीढ़ी के लोगों को अपना बना लिया।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**55 लाख** से अधिक परीक्षार्थी
**8265** केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

## न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे राहुल युवाओं से बोले, जितना चिल्लाना हो चिल्लाओ रोजगार नहीं मिलेगा

# नए भारत के नए राजा आपको जीने नहीं देंगे : राहुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घंटाघर पर सभा में चंद उद्योगपतियों पर निशाना साधते हुए पिछड़े, दलितों अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के लिए आबादी के मुताबिक हक मांगा

**अमृत विचार :** अंबानी, अडानी, टाटा और बिरला जैसे चंद उद्योगपति आज नए भारत के राजा-महाराजा बनकर देश पर राज कर रहे हैं। आपको सताया जा रहा है। आप लोग इनकी कंपनियों में खून-पसीना देते हो, लेकिन नौकरी से आपको ही निकाला जाता है। यह बात बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घंटाघर में एकत्र जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

राहुल गांधी लखनऊ से उन्नाव होते हुए शुक्लागंज पुल के रास्ते यात्रा लेकर सुबह 11.45 बजे कानपुर पहुंचे। झाड़ी बाबा पड़ाव पर स्वागत के बाद पनचक्की, नरौना चौराहा, घसियारी मंडी और हूलागंज चौराहा होते हुए यात्रा घंटाघर पहुंची। यहां भारत माता मंदिर पर राहुल गांधी ने जैसे ही जनसभा को संबोधित करना शुरू कर दिया, एक कोने में एकत्र कुछ युवाओं ने रोजगार को लेकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जितना चिल्लाना है, चिल्लाओ लेकिन मोदी सरकार में आपको रोजगार नहीं मिलेगा। नौकरी के नाम पर पहले भर्ती निकाली जाती है, फिर पेपर लीक कराए जाते हैं। पिछड़े और दलित लोगों की सबसे ज्यादा भर्ती सेना में होती थी। लेकिन अग्निवीर योजना लागू कर यह रास्ता भी बंद कर दिया है। आज पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समाज को कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। इसका सबसे कारण संसाधनों और संस्थानों में उनकी आबादी के मुताबिक भागीदारी नहीं होना है। जनसंख्या के लिहाज से पिछड़े 50 फीसदी, दलित 15, अल्पसंख्यक 15 और आदिवासी आठ फीसदी हैं। यह आबादी करीब 90 प्रतिशत होने के बावजूद देश की 200 बड़ी कंपनियों में इनकी संख्या जीरो, ब्यूरोक्रेसी में जीरो, मीडिया संस्थानों और न्याय पालिका तक में जीरो है। ऐसे में जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है।



कानपुर में यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी।

# ब्रिटेन की संसद में मनाया जे एंड के संकल्प दिवस

लंदन, एजेंसी

- विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' का आयोजन

विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) ने ब्रिटेन के संसद भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के केंद्र शासित प्रदेश संबंधी ऐतिहासिक प्रस्ताव को मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के दोनों दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया।

मंगलवार के कार्यक्रम में 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव को चिह्नित किया गया, जिसमें भारत के अडिग रुख की पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है। इसने मीरपुर-मुजफ्फराबाद तथा गिलगित और बाल्टिस्तान को पुनः प्राप्त करने के भारत के अधिकार पर जोर दिया, जो पाकिस्तानी आक्रमण का शिकार हुए थे। जेकेएससी-यूके ने एक बयान में कहा कि सभी सांसदों ने साझा अंतर्दृष्टि के लिए सराहना की और जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए इस तरह के आयोजनों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया, एक ऐसा परिप्रेक्ष्य जो अक्सर मुख्यधारा के विमर्श में शुमार नहीं होता है। उन्होंने इस विषय पर जारी बातचीत के महत्व पर जोर दिया।

## प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन



**नई दिल्ली।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

# गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।



इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

## स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा



**लखनऊ।** सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

# जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

## इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी





युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसुफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

# खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ श्रृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस श्रृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस श्रृंखला के अहम खिलाड़ी हैं इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

## खेल डायरी

### शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखवाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी छलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

### टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज

**रियो डी जनेरियो।** दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

### अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

**कार्सन (अमेरिका)।** ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरुआती कॉनकाकाफ (उत्तर, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5-0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

### डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिप: भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में



**बुसान (दक्षिण कोरिया)।** हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3–0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3–2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3–0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2–3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3–2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3–1 की आसान जीत से भारत को 2–1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1–3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3–1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3–0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3–0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3–1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

## 4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी



शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाउहैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डु (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले हीं लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस श्रृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिये मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

### उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुई: गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की श्रृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

# रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी



• हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच'

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

# रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी



युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

# भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।

पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति काथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका (79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इरादे से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।

# बॉलीवुड हलचल



## फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज




**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के निर्माता–निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

## आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना



अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन–पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है। अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

## लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के पास हैं।

## नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

## शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) – बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड् से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

## विक्की ने अवार्ड सेना को किया समर्पित



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह–अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# राजस्व वसूली में कोताही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

**दिए निर्देश**

▸▸ उप जिलाधिकारी ने राजस्व अमीनों और लेखपालों के साथ की बैठक

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



राजस्व वसूली संबंधी बैठक में निर्देश देते उप जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने राजस्व अमीनों एव लेखपालों को आगाह किया है कि वे राजस्व वसूली में तेजी लाएं। इसमें कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में एसडीएम ने सरकारी जमीनों, तालाबों व नजूल की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को तुरंत हटाने के निर्देश भी कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों को दिए। एसडीएम ने बताया कि राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि सरकारी भूमि, बंजर व तालाबों पर कब्जा करने वाले लोगों को चिह्नित करके उन्हें नोटिस तामील कराई जाए। इसके बाद भी अगर ध्यान न दें तो एक हफ्ते के अंदर बुलडोजर के माध्यम से कब्जा हटाया जाए। उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए तहसील अंतर्गत आरसी की जानकारी ली और बकायेदार से वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि बैंक की टीम व राजस्वकर्मी आरसी की वसूली बिना किसी भेदभाव के करें। राजस्व वसूली में कोताही बरतने वाले अमीनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऋणदाताओं से अपील की है कि वे ऋण समय से अमीनों के माध्यम से बैंक में जमा करा दें जिससे कठोर कार्रवाई न करनी पड़े। बैठक में अतिरिक्त उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव, नायब तहसीलदार राजीव दुबे, लेखपाल प्रदीप तिवारी, कपिल मुनि पांडेय, अवधेश द्विवेदी, शशांक द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश, प्रदीप कुमार, दिनेश, आमीन मोहम्मद, रयूफ, कमलेश कुमार, केके सिंह, राजेश, चंद्रेश, अंबिका, चंद्रिका पांडेय आदि लेखपाल और संग्रह अमीन मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने लिया खाद्यान्न वितरण का जायजा



खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को लक्ष्मणपुरी/द्वारिकापुरी में उचित दर विक्रेता रामप्यारे वर्मा की दुकान में नई तकनीक से किए जाए गए खाद्यान्न वितरण को देखा। डीएम ने कार्ड धारक ललिता देवी को खाद्यान्न प्राप्ति की रसीद दी। ई-पास मशीन व वेईंग मशीन से खाद्यान्न का वजन भी कराया। जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के आठ जिलों पर ई-पास व वेइंग मशीन से खाद्यान्न वितरण व्यवस्था लागू की गई है। जनपद में 443 उचित दर दुकानों पर नई व्यवस्था के तहत वितरण हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस कोटेदार के यहां 569 राशन कार्डधारक हैं, जिसमें से अभी तक कुल 410 कार्डधारकों का वितरण हुआ है। निरीक्षण के दौरान पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, कोटेदार रामप्यारे वर्मा एवं कार्डधारक मौजूद रहे।

## नाले में गिरकर युवक की मौत

**मऊ (चित्रकूट), अमृत विचार:** नाले में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, थानांतर्गत पिपरौंद निवासी गंगासागर (35) पुत्र इंद्रनारायण का शव उसके घर के पास एक नाले से बरामद हुआ। आशंका है कि नशे में वह नाले में गिर गया। मऊ थाना प्रभारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि परिजनों से मिली जानकारी से पता चला है कि युवक शराब का आदी था। अक्सर यह घर आनेजाने में गिर जाता था। मंगलवार को घर से निकला तो लौटा नहीं। काफी खोजबीन की गई तो सुबह लोगों ने बताया कि इसका शव नाले में पड़ा है। आशंका जताई जा रही है कि नशे की वजह से वह गिरा होगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# लूट का आरोपी गिरफ्तार ई-रिक्शा और सिम बरामद

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**कसा शिकंजा**

▸▸ मारपीट कर लूटा था वाहन, दो आरोपी अभी भी पकड़ से दूर

**अमृत विचार :** पुलिस ने ई-रिक्शा लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे लूटा गया रिक्शा और सिम कार्ड बरामद किया गया है। दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।



13 फरवरी को सीतापुर चौकी अंतर्गत डिलौरा निवासी दीपक निषाद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बान तालाब के पास तीन युवकों ने मारपीट कर ई-रिक्शा, मोबाइल और 2500 रुपये लूट लिए हैं। कोतवाली प्रभारी ने घटना के खुलासे की जिम्मेदारी चौकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह को सौंपी। चौकी प्रभारी व उनकी टीम ने विवेचना से प्रकाश में आए आरोपी गुड्डा उर्फ आनंद चतुर्वेदी पुत्र स्व. गोवर्धन निवासी कौबरा थाना रैपुरा को पकड़ा। इससे चोरी का ई-रिक्शा और सिम कार्ड भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जाएगी। पुलिस टीम में आरक्षी नागेश कुमार और अभिषेक प्रताप शामिल रहे।

**एक नजर**

### स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर की चर्चा

**चित्रकूट, अमृत विचार :** द हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने जन शिक्षण संस्थान कार्यालय में गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों के साथ जिले में मौजूदा स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा की। बताया गया कि बैठक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा कर इनको करने के लिए दायित्व साझा करने पर केंद्रित थी। बैठक में जन शिक्षण संस्थान, विकास पथ सेवा संस्थान, सर्वोदय सेवा आश्रम, पानी संस्थान, प्रजायत्न फाउंडेशन, नाडर फाउंडेशन, जन साहस आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### हादसे में होमगार्ड के पुत्र की मौत

**रानीबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रानीबाजार में मंगलवार रात एक सड़क हादसे में होमगार्ड के युवा पुत्र की मौत हो गई। कंदैला के निवासी होमगार्ड हृदयराम यादव का पुत्र राहुल यादव (24) अपने मामा के यहां जन्मदिन समारोह में गया था। वो मंगलवार को बाइक से लौट रहा था। जूनियर हाईस्कूल के सामने डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### टीबी व एचआईवी के लक्षणों की दी जानकारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय के सहयोग से मीरपुर काटा में सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शुक्ला व डॉ. अकरम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में आम जन मानस को टीबी, एचआईवी व सिफलिस के लक्षण व निदान के बारे में जानकारी दी गई।

# भाकियू की अगुवाई में आक्रोशित किसानों ने किया विरोध-प्रदर्शन

## केंद्र सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की जिला इकाई ने बुधवार को ट्रैक्टरों से जिला मुख्यालय पहुंचे। गल्ला मंडी में सभा की और तहसील मुख्यालय तक ट्रैक्टर रैली निकाली। किसानों ने केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। बाद में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की अपील पर पूरे प्रदेश में आंदोलन के तहत बुधवार को विभिन्न गांवों के किसानों ने ट्रैक्टरों से जिला मुख्यालय पहुंचकर हुंकार भरी। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में किसान गल्ला मंडी में इकट्ठा हुए। यहां जिलाध्यक्ष ने किसानों को संबोधित किया। कहा कि आज देश का किसान-मजदूर सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर है। केंद्र सरकार ने किसानों से झूठे वादे किए। इसी वजह से उनको फिर से आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा है। बाद में जिलाध्यक्ष के साथ किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि आठ सूत्रीय मांगों को लेकर किसान आंदोलनरत हैं। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह, उदयनारायण सिंह, ओमनारायण गर्ग, नीलकंठ द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, शिवदयाल बघेल, राजकिशोर सिंह, विक्रम सिंह, राममूरत कुशवाहा, राजकुमार, कमलेश, संतोष, दिनेश, रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।



भाकियू की अगुवाई में प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

### हमारी मांगें जायज : किसान

किसानों का कहना था कि उनकी मांगें जायज हैं लेकिन सरकार तानाशाही पर उतारू है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का वादा कर सरकार अपने वादे से मुकर रही है। मांग की कि बिजली संशोधन विधेयक 2022 तत्काल वापस किया जाए। किसानों की कृषि योग्य जमीन अधिग्रहण न किया जाए। अनुपयोगी कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जाए। अधिग्रहण विधेयक 2012 के सर्किल रेट हटाकर नए रेट पर मुआवजा दिया जाए।

### ये हैं किसानों की प्रमुख मांगें

- दवाओं, शिक्षण सामग्री, खेती में काम आने वाली वस्तुओं, मशीनरी और रसोई गैस से जीएसटी हटाई जाए।
- सभी के लिए मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी की व्यवस्था की जाए।
- कृषि के लिए अनुपयोगी जमीन पर कंपनियों को स्थापित किया जाए।
- आदिवासियों, किसानों-मजदूरों को खदानों में 50 फीसदी हिस्सा दिया जाए। सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का निजीकरण बंद किया जाए।
- प्रीपेड स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं।
- बीज, उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी बढ़ाई जाए। किसानों के उत्पादों को एमएसपी और सीटू प्लस फिफ्टी की कानूनी गारंटी दी जाए।
- शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम बनाया जाए।
- पीएम फसल बीमा योजना को वापस लिया जाए। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा और फसल संबंधी बीमारियों आदि से नुकसान की भरपाई के लिए व्यापक सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा योजना बनाई जाए।
- सभी किसानों को ऋण माफी के लिए व्यापक योजना लाई जाए।
- किसानों पर लंबित मुकदमों को वापस लिया जाए और शहीद किसानों के परिवारों का पुनर्वास किया जाए।

# पुलिस ने कराया अंतर्जातीय विवाह

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** प्रेमी युगल की मंशानुसार पुलिस ने दोनों की शादी कराई। अंतर्जातीय विवाह के बाद दोनों ने जीवनपर्यंत एक-दूसरे का साथ देने का वचन दिया।

राजापुर नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र वार्ड नं पांच आजादनगर निवासी युवक करण खंगार कौशांबी जिले के महेवाघाट निवासी नीलम विश्वकर्मा से प्रेम करता था। दोनों का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार को युवती माता पिता तथा परिजनों को छोड़ कर प्रेमी के घर जा रही थी। इस दौरान किसी ने इसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह को दी।



एक-दूसरे को जयमाल डालते करन और नीलम। अमृत विचार

एसओ ने महिला कांस्टेबल के साथ अन्य पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजकर दोनों को थाने बुलाया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ पर मालूम हुआ कि नीलम अपने करण के साथ वैवाहिक जीवन व्यतीत करना चाहती है। दोनों की आयु के संबंध में जानकारी ली गई। पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचित किया। इस पर माता-पिता ने थाने में अनापत्ति देते हुए समझौते पर हस्ताक्षर किए और घर चले गए। पुलिस के अनुसार, दोनों बालिग हैं और इसलिए दोनों अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं। कन्या तथा वर पक्ष के लोगों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच एक गेस्ट हाउस में दोनों की शादी की रस्में पूरी की गईं। 20 वर्षीय कन्या नीलम देवी ने कहा कि कानून में स्वयं वर चयन करने का अधिकार मिला है और वह अपनी इच्छा से यह शादी कर रही है। इस मौके पर चुनकाई, राकेश, धनेश, छोटू, श्रवण, अर्पित, सुरेश यादव, पारस विश्वकर्मा, सोनू गुप्ता, अमित गुप्ता, विकास सहित अन्य रहे।

## बिना मुआवजे के दुकानों को हटाने का जताया विरोध

**अयोध्या, अमृत विचार :** ओवरब्रिज निर्माण को लेकर मोदहा चौराहे के पीड़ित दुकानदारों ने बिना उचित मुआवजे के दुकान हटाए जाने का विरोध किया है। पीड़ित दुकानदारों ने बुधवार को सपा के नेतृत्व जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच ज्ञापन दिया। मांग पत्र में कहा कई वर्षों से दुकान करते आ रहे हैं। नगर निगम में किराया भी जमा करते आ रहे हैं। हमारा अलॉटमेंट भी है। मांग है कि नए परिक्रमा मार्गों की तरह उचित मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में हरिप्रसाद, राम सिंह यादव, अहमद बेग, प्रेम शंकर गुप्ता, निरंजन यादव, इशरतुल्लाह आदि शामिल रहे।

**सार-संक्षेप**

### हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को डिप्टी सीएम से लगाई गुहार



डिप्टी सीएम से मिलकर गुहार लगाता रावेंद्र। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** भाई की मौत के कथित आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परेशान युवक ने बीते दिनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर गुहार लगाई। युवक ने बताया कि डिप्टी सीएम ने उसे निष्पक्ष जांच कर न्याय का भरोसा दिया है। मानिकपुर थानांतर्गत गढ़चपा गांव निवासी रावेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि अवधेश प्रसाद उर्फ रोहणी की 11 जनवरी को हत्या कर दी गई थी। बताया कि उसने इस संबंध में गांव निवासी मिंटू सिंह उर्फ अरुण सिंह, गणेश सिंह परमार, धर्मवीर सिंह और अर्जुन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रावेंद्र का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के लंबे समय बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। बताया कि इस संबंध में उसने एसपी से भी गुहार लगाई पर वहां से भी बिसरा रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही गई। रावेंद्र का आरोप है कि आरोपी उसे और उसके परिवार को धमकी दे रहे हैं और ऐसे में वह गांव छोडऩे को मजबूर हो रहा है। उसने बताया कि वह बीते दिनों इस संबंध में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी मिल चुका है। उन्होंने भी न्याय का भरोसा दिया है। उसने यह भी कहा कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी न हुई तो वह कोर्ट की शरण लेगा।

### डीसीएम चालक को बंधक बना लूटा 127 गत्ते पान मसाला

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र में एक डीसीएम चालक को बंधक बना उस पर लदा 127 गत्ता पान मसला और जर्दा लूट लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। वारदात को दूसरी डीसीएम सवार लोगों ने अंजाम दिया। पुलिस पड़ताल में जुटी है। एक डीसीएम यूपी 77 एटी 6254 का चालक अभिलाष पान मसाला और जर्दा की खेप अपने वाहन पर लोड कर कानपुर से गोरखपुर जा रहा था। चालक अभिलाष का कहना है कि बाराबंकी के रामसनेहीघाट से मंगलवार मध्य रात्रि के बाद एक डीसीएम सवार लोगों ने उसका पीछा किया। मौसम खराब था और हल्की बरसात हो रही थी। वह रौनाही थाना क्षेत्र के बरई कला गांव के पास पहुंचा तो पीछा कर रहे डीसीएम सवार लोगों ने ओवरटेक कर रोक लिया। उसको बंधक बना लिया। डीसीएम पर लदा पान मसाला और जर्दा के गत्ते अपने डीसीएम पर लादकर गोरखपुर की ओर भाग निकले। मौके पर बचे माल को पलटी कराने पहुंचे इसी कंपनी के डीसीएम चालक मो. सलमान ने बताया कि एक डीसीएम पर लगभग 225 गत्ता लोड होता है। बदमाश 29 गत्ता जर्दा और 69 गत्ता पान मसाला छोड़ गए हैं, बाकी का माल ले गए हैं। एक गत्ते मसाले की कीमत 40 हजार है। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि डीसीएम मलिक को बुलाकर पूछताछ तथा जानकारी ली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से सुराग हासिल किया जा रहा है। प्राथमिक जांच में चोरी की बात सामने आई है।

### मार्च में शुरू होगा सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण



रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र।

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में बुधवार को अंतिम शिखर बनाए जाने के साथ परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू करने पर मंथन हुआ। इन कार्यों को मार्च के पहले सप्ताह से शुरू करने की तैयारी है। बैठक से पूर्व समिति के अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण किया। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि दो दिवसीय बैठक में मंदिर के प्रथम तल और तृतीय तल पर बचे कार्यों को तत्काल शुरू करने व परकोटे का निर्माण भी समय से पूरा करने के लक्ष्य पर मंथन हुआ है। अगले 15 दिनों में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। एलएनटी और टाटा कंसलटिंग और हमारे सभी ट्रस्ट के लोग एकजुट होकर के प्रयास करेंगे कि मंदिर का निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 में पूर्ण हो जाएगा। रामकथा संग्रहालय का संचालन जल्द शुरू करने की तैयारी है। इसके स्वरूप को लेकर मंथन हो रहा है, फिर ट्रस्ट के समक्ष रखा जाएगा सहमति मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ.. अनिल मिश्र ने बताया कि परिसर के अंदर जो रखरखाव की व्यवस्था होगी। एक विश्वस्तरीय एजेंसी चयनित करने की जिम्मेदारी टाटा कसंल्टेंसी को सौंपी गई है।

# माता-पिता को बोझ न समझें बच्चे : कुलपति

**अयोध्या, अमृत विचार :** बच्चे माता-पिता को कभी बोझ न समझे बल्कि उनके बुढ़ापे का सहारा बने। इस भौतिकवादी युग में वृद्ध माता-पिता अपने बच्चों पर बोझ बनते जा रहे है। ऐसे में उन्हें अपनों से दूर रहकर कठिन जीवन वृद्धा आश्रम में गुजारना पड़ता है। ये अवध विश्वविद्यालय की बातें कुलपति प्रो. गोयल ने बुधवार को कहीं। वो विश्वविद्यालय की ओर से मणि पर्वत व नया घाट स्थित वृद्धा आश्रम अयोध्या में बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अनुभूति एक प्रयास तहत अयोध्या के वृद्धा आश्रम विश्वविद्यालय से जोड़े गए है। शिविर में 75 से अधिक वृद्धजनों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। चिकित्सकों ने उन्हें परामर्श दिया और दवा उपलब्ध कराई। कुलपति ने वृद्धजनों को फल, मच्छरदानी व अन्य सामग्री भेंट कीया।

इस अवसर पर पंजाब सरकार के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रेम भूषण गोयल, विश्वविद्यालय की चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा चौधरी, डॉ. दीपशा दूबे, आश्रम के परमानंद यादव, प्रद्युम्न मिश्रा, रीमा मिश्रा, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. प्रतिभा देवी सहित कई मौजूद रहे।

# चित्रकूट इंटर कॉलेज में जमा होंगी उत्तर पुस्तिकाएं

**लिया जायजा**

▸▸ बोर्ड परीक्षा के दौरान स्ट्रांग रूम में रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज को बनाया गया है। यहां जिले के सभी 42 परीक्षा केंद्रों की कॉपियों को रखा जाएगा। बुधवार को केंद्र प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह चौहान ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह चौहान। अमृत विचार

डॉ. चौहान ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं को सुव्यवस्थित कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखने के लिए कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों के बंडलों को अलग-अलग स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं का सशस्त्र सुरक्षा बल रात दिन निगरानी करेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों से उत्तर कोशिकाओं के बंडलों को पुलिस सुरक्षा के साथ संकलन केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। जायजा लेने के लिए पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण भी परीक्षा केंद्र पहुंचे और सुरक्षाकर्मियों को ईमानदारी से दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए। संकलन केंद्र प्रभारी डॉ. चौहान ने बताया कि हाई स्कूल कोठार में ज्ञानेंद्र चौधरी, रामसिया वर्मा, इंटरमीडिएट कोठार में ओंकार सिंह और अनमोल सिंह प्रभारी बनाए गए हैं। सहायक के रूप में उनके साथ हाईस्कूल में विनय त्रिपाठी व इंटरमीडिएट कोठार में ललक सिंह यादव की ड्यूटी लगाई गई है।

### बोर्ड परीक्षा आज से, 24,125 हैं परीक्षार्थी

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से शुरू होगी। परीक्षा नौ मार्च तक होंगी। जिले में परीक्षा संबंधी कंट्रोल रूम की स्थापना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में की गई है। कंट्रोल रूम का नंबर-9838593195 है। इसमें 42 परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल के 14,177 एवं इंटरमीडिएट के 9948 परीक्षार्थी हैं।

**आयोजन**

सिरावल के राजकीय हाईस्कूल में हुआ विदाई समारोह, विद्यार्थियों ने ग्रुप में खिंचवाई फोटो

# एक-दूसरे से विदा होने पर भावुक हुए छात्र-छात्राएं

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** बनके अजनबी मिले हैं जिंदगी के सफर में, इन यादों के लम्हों को मिटाएंगे नहीं। अगर याद रखना फितरत है तुम्हारी, तो वादा है हम भी आपको कभी भुलाएंगे नहीं...। बुधवार को राजकीय हाईस्कूल सिरावल में छात्र-छात्राओं के मन में यही भाव थे। बोर्ड परीक्षा के पूर्व विद्यालय में विदाई समारोह हुआ तो बच्चे भावुक हो गए।

इस मौके पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने और अच्छे नंबर लाने की सीख दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि सत्य नारायण सिंह ने की। उन्होंने कहा कि गांव के सभी होनहार गांव का नाम रोशन करें। प्रधानाचार्या डॉ. मोनिका यादव ने भी सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने बच्चों से यादें साझा कीं। शिक्षकों को मनोदशा पर कहा कि मिट्टी के घड़े की कीमत और गहनों की कीमत सिर्फ बनाने वाले को ही पता होती है। उन्होंने कहा कि विषय कोई भी हो हल्के में न लें। पढ़ने की ललक हो तो सभी विषय सरल लगते हैं। उन्होंने अभिभावकों को भी सलाह दी कि बच्चों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का दबाव नहीं डालना चाहिए। विद्यार्थी विद्यालय की अमूल्य निधि होते हैं। इनकी शिक्षा यहां सम्पन्न हुई है। उच्च शिक्षा के लिए इन्हें अब नए विद्यालय के शिक्षकों छात्रों के साथ मित्र बनाने की ललक रहेगी। एक अच्छे जीवन व भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला विद्यालय के अतिरिक्त अन्य कोई दूसरी जगह नहीं। इस अवसर पर शिक्षिका पारुल सिंह, अंकिता देवी, सपना सिंह, सुनील पांडेय पत्रकार ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन दीपशिखा, ज्योति और सरोज ने किया। कार्यक्रम का आयोजन कमल सिंह ने किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का मन मोहा। अभिभावक भी मौजूद रहे।



विदाई समारोह के दौरान ग्रुप फोटो खिंचवाते विद्यार्थी और शिक्षक। अमृत विचार

## आईजी रेलवे ने जीआरपी थाने के देखे अभिलेख

**अयोध्या, अमृत विचार:** पुलिस उपमहानिरीक्षक (आईजी) रेलवे राकेश पुष्कर ने बुधवार को अयोध्या कैंट स्टेशन पर थाना जीआरपी का निरीक्षण किया। थाने के अभिलेखों का रख रखाव व त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर आगामी महाशिवरात्रि, होलिका दहन व होली त्यौहार की समीक्षा की। थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारियों से वर्तमान समय में थाना जीआरपी क्षेत्र में प्रचलित आरक्षण स्पेशल ट्रेनों से आने जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम विकास कुमार पांडेय व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद देवी दयाल व आरपीएफ के अधिकारी मौजूद रहे।

# कड़ी निगरानी में 64 केंद्रों पर आज से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा

## विभाग की तैयारी पूरी,हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में पंजीकृत हैं कुल 44431 परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा गुरुवार से जिले के 64 परीक्षा केंद्रों पर होगी। जिला प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए चाक-चैबंद व्यवस्था करने का दावा किया है। बोर्ड परीक्षा में इस बार जिले के कुल 44,431 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा केंद्रों पर जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। वहीं सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ ही सचल दल का पहरा रहेगा। उधर, प्रशासन की घेराबंदी तोड़ने के लिए नकल माफियाओं ने भी अपनी जुगत भिड़ानी शुरू कर दी हैं।

पूरे जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद के 44,431 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट में कुल 19693 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 10852 छात्र व 8841 छात्राएं पंजीकृत हैं। वहीं हाईस्कूल में कुल 24738 परीक्षार्थी हैं। इनमें 13505 छात्र व 11233 छात्राएं शामिल हैं। इस बार इंटर में 1308 छात्र व 752 छात्राएं व्यक्तिगत परीक्षा दे रही हैं। जबकि हाईस्कूल में 204 बालक व 100 बालिकाएं व्यक्तिगत परीक्षा में शामिल होंगी। गुरुवार को प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 8रू30 से 11:45 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा शांतिपूर्ण और नकल विहीन कराने को लेकर शिक्षा विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की नजर रहेगी। वहीं परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी के लिए भी कड़ी व्यवस्था की गई है।

परिषदीय स्कूलों के 1629 व माध्यमिक के 822 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए छह सचल दल सहित 64 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पांच जोनल मजिस्ट्रेट व 17 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गई है। डीआईओएस विजयपाल सिंह ने बताया कि कक्ष निरीक्षकों की तैनाती कर दी गई है।


बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को अंतिम रूप देते शिक्षक। अमृत विचार

### बोर्ड परीक्षा एक नजर में

| | |
|---|---|
| हाईस्कूल संस्थागत/ व्यक्तिगत परीक्षार्थी | 24,738 |
| इंटरमीडिएट संस्थागत/ व्यक्तिगत परीक्षार्थी | 19,693 |
| कुल परीक्षार्थियों की संख्या | 44,431 |
| जिले में परीक्षा केंद्रों की संख्या | 64 |

### पुलिस निगरानी में भेजे गए प्रश्न पत्र

केंद्रों में पुलिस की अभिरक्षा में प्रश्न पत्र भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। डीआइओएस विजय पाल सिंह ने बताया कि कक्ष निरीक्षक बार कोड वाले परिचय पत्र साथ में रखेंगे। स्ट्रांग रूम से केंद्रों को प्रश्न पत्र भेजे गए हैं। जिले में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। कक्ष निरीक्षकों सहित स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सचल दलों की तैनाती की गई।

### स्ट्रांग रूम निगरानी को तीन टीमें गठित

परीक्षा समाप्त होने के बाद बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को जीआईसी कॉलेज में सीसीटीवी, वॉइस रिकॉर्डर से लैस स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। यहां 24 घंटे सुरक्षा कर्मियों का पहरा रहेगा। इसके निरीक्षण के लिए डीआईओएस, बीएसए के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गई हैं जो समय समय पर रात्रि कालीन निरीक्षण करेंगी।

# छह माह से अधिक लंबित विवेचना को तेजी से पूरा कराएंः डीआईजी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र ने बुधवार को अपराध समीक्षा बैठक कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीआईजी ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने महिला अपराधों पर रोकथाम और समाधान दिवस पर प्राप्त होने वाले प्रार्थनापत्रों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

मण्डल के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह ने अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के संबंध में भी दिशा निर्देश निर्गत किए। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम तथा छह माह से अधिक समय से लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण, आईजीआरएस तथा समाधान दिवस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किए जाने के साथ ही जनता के साथ सद्व्यौहार रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक महोबा अर्पणा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र मौजूद रहे।


पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेते डीआईजी। अमृत विचार

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जारी किए दिशा-निर्देश

# निःशुल्क स्वस्थ्य जांच करवाने उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- एक सैकड़ा से ज्यादा मरीज हुए लाभान्वित

**अमृत विचार :** सेवर्स ऑफ लाइफ के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को शहर के मोहल्ला मर्दननाका में हाजी सरदार साहब की मस्जिद के पास हुआ।

शिविर का शुभारंभ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मीनाक्षी सिंह, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.देव प्रकाश व ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ.शंकर कबीर ने फीता काटकर किया। शिविर में एक सैकड़ा से भी ज्यादा मरीजों का उपचार हुआ। सभी मरीजों का गहनता के साथ चेकअप कर उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। निःशुल्क जांच की व्यवस्था राइन पैथलॉजी की तरफ से की गई। शिविर में डॉ.अरशद, सेवर्स ऑफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान , सुनील सक्सेना, सदस्य शादाब अहमद, रेहान अहमद आदि मौजूद रहे।


शिविर में मरीजों का चेकअप करते डॉक्टर। अमृत विचार

# गैंगरेप का आरोप, घर पहुंचे पत्र

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** जनपद में एक-एक करके 16 व्यक्तियों के घरों में रजिस्टर्ड पत्र पहुंचे। पत्र को पढ़ने वालों के होश उड़ गए, क्योंकि इस पत्र के मुताबिक उन्होंने एक लड़की के साथ बांदा व चित्रकूट में गैंगरेप किया। हैरान करने वाली बात यह है कि जिन व्यक्तियों को गैंगरेप का आरोपी बनाया गया है, वे सभी रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी हैं। इनकी उम्र 65 से 71 वर्ष के बीच बताई जा रही है। बुधवार को पीड़ितों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले की जांच करवाए जाने की मांग की है।

पूर्व ग्राम प्रधान देवरार चिरौंजीलाल, मइयादीन, चुन्नू, पूरन प्रसाद, केदार सिंह, शिव प्रसाद, श्रीपाल, गिरधारीलाल कुशवाहा, विजय कुमार वर्मा, जानकी शरण मौर्य, दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, राजाराम कुशवाहा, राजेश कुमार, कुलदीप कुमार, चंद्रपाल सिंह, जयराज, रवि कुमार रीमा, सुधीर सिंह, दिनेश कुमार, अनिल आदि ने बुधवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन सभी के पास एक-एक कर पंजीकृत डाक के माध्यम से पत्र भेजे गए हैं। पत्र के मुताबिक वह सभी नरैनी थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली लड़की के साथ गैंगरेप के आरोपी हैं। पत्र के अनुसार विगत 10 जनवरी को उन्होंने चित्रकूट की एक धर्मशाला में लड़की के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। जिलाधिकारी को बताया कि पत्र में उन लोगों पर यह भी आरोप लगाया गया है कि जब उस लड़की ने मामले की शिकायत थाने में की, तो आरोपियों ने शिकायत वापस लेने के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया। पीड़िता ने यह पत्र पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश भोपाल समेत अन्य उच्चाधिकारियों को भेजा है। इसी पत्र की कॉपियां रजिस्टर्ड डाक के जरिए आरोपियों के घर भेजी गई हैं। आरोपियों का कहना है कि वह सभी रिटायर्ड कर्मचारी हैं और उनकी उम्र 65 से 71 वर्ष है। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें जबरिया फंसाने का कुचक्र रचा गया है। उनकी मांग है कि इस पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए, ताकि सारी सच्चाई सामने आ सके।


ज्ञापन सौंपते पीड़ित। अमृत विचार

- 16 आरोपियों में ज्यादातर रिटायर्ड कर्मचारी
- तथाकथित आरोपियों के यहां एक-एक कर पहुंचे पत्र
- पीड़ितों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

# शराब के लिए रुपये न देने पर पांच को पीटा

**बांदा :** शराब पीने के लिए रुपये न देने पर सात लोगों ने एक ही परिवार के दंपति समेत पांच लोगों को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कहला गांव निवासी अन्नू 35 पुत्र रामपाल बुधवार की सुबह मजदूरी करने जा रहा था, तभी घर के पास ही पड़ोसी शंकर नाम के युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया और शराब पीने को रुपये मांगने लगा। अन्नू ने रुपया देने से साफ इन्कार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई। बातचीत के दौरान दोनों के बीच मारपीट होने लगी। शोर सुनकर शंकर के पक्ष से छह लोग और वहां आ गए। अन्नू की पत्नी पचिनिया 30 और उसका पिता रामपाल 60, भाई राममंगल 29 व तुलसीदास 13 भी शोर सुनकर मौके पर पहुंच गए। शंकर के पक्ष से आए सभी लोगों ने मिलकर अन्नू व परिवारीजनों के साथ लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। रामपाल की तहरीर पर पुलिस ने सभी सातों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े ई-रिक्शा चोर गिरोह के पांच शातिर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा चोर गैंग का किया भंडाफोड़
- चोरी से तीन ई-रिक्शा व दो बैटरी बरामद की

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा चोर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए पांच चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर चोरी के तीन ई-रिक्शा व दो बैटरी बरामद की है। पकड़े गए तीन चोर शहर कोतवाली क्षेत्र के फूटाकुआं के रहने वाले हैं।

पुलिस लाइन सभागार में पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) गवेंद्र पाल गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध उन्मूलन अभियान के अंतर्गत शहर कोतवाली पुलिस ने ई-रिक्शा की लूट व चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच चोरों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ के मुताबिक पकड़े गए बदमाशों ने 11 फरवरी को चालक से बड़ोखर बाईपास के पास मारपीट कर ई-रिक्शा लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे ने एसआई यज्ञनारायण भार्गव, दिलीप मिश्रा, रोशनलाल सरोज, सुधीर सिंह, हेड कांस्टेबिल शिवप्रकाश, कांस्टेबिल जितेंद्र कुमार व विकास के साथ बुधवार को कृषि विश्वविद्यालय के पास शहर के फूटाकुआं निवासी आनंद प्रजापति, वीरेंद्र प्रजापति व आशीष रैकवार व धीरज नगर निवासी रवि प्रजापति और देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी कमलेश प्रजापति को चोरी के तीन ई-रिक्शा व दो बैटरी के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान चोरों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि 11 फरवरी को चालक से बड़ोखर बाईपास पर मारपीट कर ई-रिक्शा चालक लूटकर फरार हो गए। इसके अलावा 14 फरवरी को अलीगंज व धीरज नगर से ई-रिक्शा चोरी किए थे।

# भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेंगे

संवाददाता, ओरन (बांदा)

- लोकतंत्र व संविधान बचाओ सम्मेलन में सपाइयों में भरा जोश

**अमृत विचार :** जिला समाजवादी पार्टी द्वारा लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत कस्बा के एक मैरिज हाल में वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं से वर्तमान भाजपा सरकार की दूषित नीतियों को जनता के बीच जाकर बताने और उसे सत्ता से बाहर करने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया।

लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ सम्मेलन में पूर्व मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद ने कहा कि कहा कि देश में लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने के लिए आगामी लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दें और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करे। भाजपा सरकार की लोकतंत्र एवं संविधान विरोधी नीतियों को आम जनता के बीच जाकर पोल खोलें। कार्यकर्ताओं में खासा जोश भरा। बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने कहा कि केंद्र की किसान, मजदूर व नवजवान विरोधी भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए कमर कसकर तैयार रहें। विवेक बिंदु तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर गांव-गांव में जाकर पार्टी के प्रति समर्थन प्राप्त करने का आहवान किया। कार्यक्रम में शकील अली, किरण वर्मा, बृजभूषण यादव, मानसिंह पटेल, राजेश शिवहरे, गोपाल नारायण द्विवेदी, रामधनी रैकवार, जुगल जाटव, हरिश्चंद्र सोनकर, सोमचंद जाटव, मुन्ना सिंह पटेल, सुनील कुशवाहा, विनय शिवहरे, ताहिर खान, बिल्लू शिवहरे, लाल कुशवाहा, सुभाष यादव, संजय दिवाकर, दलजीत यादव आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन राम सिंह यादव और अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने किया।

# नाले से मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**बांदा :** इंदिरा नगर मोहल्ला स्थित बिजली पावर हाउस के पास बुधवार दोपहर 35 वर्षीय युवक का शव नाले में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसकी जेब से पुलिस को 110 रुपये और अंगूरों से भरी पॉलीथीन मिली है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से भी जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। सीओ सिटी गवेंद्र पाल गौतम ने प्रथम दृष्ट्या युवक के नशे में होने की बात कही है। हालांकि पुलिस इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम के बाद ही कर सकेगी।

# बांदा की कत्थक कलाकार गिनीज बुक में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** खजुराहो नृत्य महोत्सव के स्वर्ण जयंती वर्ष पर करीब डेढ़ हजार कत्थक कलाकारों ने एक साथ प्रस्तुति देकर जहां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं इस ऐतिहासिक अवसर को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वाद्ययंत्रों पर थाप देकर किया तो कलाकारों के पैरों की थाप ने उनके साथ ताल मिलाई।

मध्यप्रदेश के खजुराहो में आयोजित कथक महाकुंभ में शहर के स्वराज कॉलोनी में संचालित नृत्य कला गृह की संचालिका नृत्य गुरु श्रद्धा निगम समेत उनकी आठ शिष्याओं ने प्रतिभाग करके जनपद का नाम रोशन किया और अपनी कला को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया।

नृत्य कला गृह की कत्थक कलाकारों में नृत्य गुरु श्रद्धा निगम समेत उनकी शिष्या छवि गुप्ता, शुभी गुप्ता, शैलजा पटेल, अनामिका धुरिया, आद्या तिवारी, सुप्रिया गुप्ता, स्वप्निल सक्सेना, राशिका ठाकुर शामिल रहीं। कार्यक्रम के बाद सफलता से उत्साहित नृत्य गुरु श्रीमती निगम ने कहा कि कत्थक महाकुंभ का कार्यक्रम केवल विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का अवसर ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश की समृद्ध कला संस्कृति को विश्व पटल पर पहुंचाने का एक शानदार मंच रहा। उन्होंने सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर सराहना की और विभाग की टीम को साधुवाद दिया। बताया कि जिस समय देश के कई राज्यों के डेढ़ हजार कत्थक कलाकारों ने मंच पर एक साथ प्रस्तुति शुरू की तो वहां का माहौल देखने लायक था।


बांदा की कत्थक कलाकार। अमृत विचार

- बांदा के नृत्य कला गृह की नृत्य गुरु समेत नौ कलाकारों ने लिया हिस्सा, दिखाई प्रतिभा

समीक्षा बैठक | मंडलायुक्त ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा

# गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा करवाएं काम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त ने मंडलीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों को तेज गति से गुणवत्तायुक्त तरीके से पूर्ण करने के प्रयास किए जाए तथा बोर्ड परीक्षाओं के समय एवं आकांक्षीय ब्लाकों में स्कूलों के समय विद्युत कटौती न करने के निर्देशश दिए।

आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त कार्यालय के सभागार में मंडलीय विकास कार्यों एवं कानून और व्यवस्था की समीक्षा करते हुए यह निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारियों खासकर महोबा व बांदा को आवास निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल, जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना के लक्ष्य के अनुरूप जल के लिए कनेक्शन दिए जाने तथा खोदी हुई सड़कों की शत प्रतिशत मरम्मत का कार्य चालू माह तक पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में विकास कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिस जनपद में बेहतर कार्य हुए हैं उन्हें और बेहतर करने के निर्देश दिए और जिन जनपदों में विकास कार्यों की प्रगति धीमी हैं उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने गौवंश संरक्षण में सुपुर्दगी में किसानों को दिए गए गौवंशों का डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने, शत प्रतिशत गौवंशों का टीकाकरण कराने आदि के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना की समीक्षा करते हुए हमीरपुर जनपद में बालिका शिशु सहायता योजना के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, जिलाधिकारी चित्रकूट अभिषेक आनंद, जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पाण्डेय, जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार सहित मण्डल के अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त और जिलाधिकारी। अमृत विचार

# बालिकाओं ने दिया जागरुकता संदेश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर महिला अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली में विभिन्न स्कूलों की दो सैकड़ा छात्राओं समेत स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। संगोष्ठी में बेटियों के सम्मान को लेकर चर्चा हुई।

पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के तहत बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से जिला स्तरीय रैली निकाली गई। सीएमओ डा.अनिल कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर और झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए रैली में शामिल छात्राओं समेत अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रेरक नारे लगाकर महिला अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली में अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय से सयुंक्त निदेशक डा.राजेश मोहन गुप्ता ने भागीदारी की।

इस मौके पर डा.मुकेश पहाड़ी, नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अजय कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, दुर्गपाल सिंह, डा.वर्षा नायर, आशीष श्रीवास्तव, वरूण श्रीवास्तव, राधा शर्मा, अम्रता आदि उपस्थित रहे।

रैली के बाद सीएमओ कार्यालय सभागार में नोडल अधिकारी, डा.मुकेश पहाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में बेटियों के सम्मान को लेकर चर्चा की गई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर भ्रूण हत्या, लिंगानुपात, बेटियों को बेटो के बराबर शिक्षित कर स्वावलंबी बनाने आदि पर विचार व्यक्त किए गए।


जागरूकता रैली निकालती छात्राएं। अमृत विचार

- संगोष्ठी में बेटियों के सम्मान को लेकर हुई चर्चा

# एक दिवसीय महिला किसान मेला आज

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) परिसर में गुरुवार को महिला सशक्तिकरणरू स्वावलंबी समाज का आधार विषय पर एक दिवसीय महिला किसान मेला एवं गोष्ठी आयोजित होगी। केवीके के डा.श्याम सिंह ने बतायाकि मेला विशेष तौर पर महिलाओं के लिये आयोजित किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू अध्यक्षता करेंगी। बीयूएटी अंतर्गत संचालित विभिन्न महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्र, जनपद से कृषि सम्बन्धी विभागों जैसे कृषि विभाग, उद्यान विभाग, दुग्ध विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा कृषि प्रदर्शनी आयोजित होगी। किसान मेला में रंगोली, मेंहदीं, नृत्य, श्रीअन्न आधारित व्यंजन, रस्सा कस्सी प्रतियोगिताएं भी होंगी।

## एक नजर

### समूह व फेडरेशन्स के गठन के लिए करें आवेदन

**हमीरपुर।** उप जिलाधिकारी व परियोजना अधिकारी डूडा खालिद अंजुम ने बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) हमीरपुर के द्वारा संचालित डे-एनयूएलएम के उपघटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत समूह एवं उनके फेडरेशन का गठन किये जाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा- निर्देशों के अनुक्रम में सीआरपी (सामुदायिक संसाधन व्यक्ति) का चयन सूडा लखनऊ निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाना है। जनपद में नगरीय निकायों में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा आवेदन किया जाना है। इच्छुक महिलाएं आवेदन के लिए जिला नगरीय अभिकरण (डूडा) कार्यालय संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकती है।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 24 फरवरी को

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र, लखनऊ के निर्देशानुसार 24 फरवरी को दिन-शनिवार को प्रात: 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना Sewayojan.up.nic.in ऑनलाइन आवेदन करते हुये अपने समस्त शैक्षिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुए इस अवसर का लाभ उठा सकते है। बताया कि किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में अभ्यर्थी सीधे भी प्रतिभाग कर सकते है।

### महिला के साथ मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** मजार से लौट रही महिला के साथ चार लोगों ने गाली गलौज और मारपीट की जिस पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी साबरीन पत्नी शहजाद अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 17 फरवरी को वह कुछ महिलाओं के साथ कम्हरिया स्थित मस्तान बाबा की दरगाह से वापस लौट रही थी। तभी गांव के ही तौफीक अली और रफीक अली पुत्रगण राजा जी, नौरीन और शबाना पुत्रीगण राजा जी ने पुरानी रंजिश मानते हुए अनावश्यक गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। लोगों द्वारा बचाने पर पीड़िता की जान बच पाई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री ट्रायल हुई बैठक

संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने सभी उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया कि वह आगामी लोक अदालत में रुचि लेते हुए वादकारियों को सम्मन प्रेषित करें एवं अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करें। नोडल अधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया कि वह पीएलवी की ड्यूटी लगाकर एक अस्थाई हेल्प डेस्क खोले। जिससे वादकरियों को सम्बन्धित जानकारियां प्रदान कर सकें। बैठक में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रभान सिंह, नोडल अधिकारी लोक अदालत विनीत कुमार वासवानी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दप्रश्रे) प्रदीप कुमार जयंत, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (आवअधि) सुशील कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्ति माला सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वाती, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशमनोज कुमार शासन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल, सिविल जज (सीडि) सीमा कुमारी, सिविल जज (जूडि) आयुषी चतुर्वेदी, अपर सिविल जज (जूडि) विजय लक्ष्मी, सिविल जज (जूडि) राठ तरुण कुमार, सिविल जज ब्रजेश कुमार पटेल, सिविल जज एफटीसी का अवू प्रखर तिवारी, तृतीय अपर सिविल जज (जूडि) कीर्ति मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी सपा छोड़ भाजपा में शामिल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



भाजपा कार्यालय में भाजपा की सदस्यता लेतीं पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी।


लखनऊ में भाजपा कार्यालय में सदस्यता लेते ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह।

**अमृत विचार।** लगातार 24 साल समाजवादी पार्टी की सेवा करने वाली पूर्व विधायक डॉ. अम्बेश कुमारी ने लखनऊ में बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। अम्बेश कुमारी ने बताया कि वह सपा की कार्यशैली से असंतुष्ट हो गईं थी। बतादें कि इसके पहले उनके बेटे मृत्यंजय प्रताप सिंह सनी ने सपा से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। मृत्यंजय प्रताप सिंह वर्तमान में बैंदों पनवाड़ी (महोबा) सीट से जिला पंचायत सदस्य हैं। मां के पार्टी से इस्तीफा देने से बेटे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब है कि पूर्व विधायक डा. अम्बेश कुमारी ने 2001 में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। 2002 में हुए विधानसभा चुनाव में सपा ने अम्बेश कुमारी को चरखारी विधानसभा से चुनावी मैदान में उतारा था। जिसमें उन्होंने विजयश्री हासिल की थी। 24 साल के इस राजनीतिक कैरियर में उनका एक अलग ही मुकाम रहा। भाजपा की सदस्यता लेने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, डिप्टी सीएम ब्रजेश कुमार पाठक, दिनेश मौर्या समेत अनेक भाजपा के पदाधिकारी रहे।

- **24 साल से सपा में थी, लखनऊ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष ली सदस्यता**

### सपा ब्लॉक प्रमुख ने भी भाजपा का थामा दामन

**सुमेरपुर।** सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सपा के बुंदेलखंड के इकलौते ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव का पंचायतों की राजनीति का लंबा अनुभव है। 16 वर्ष के इतिहास में इन्होंने 20 चुनाव लड़कर पूरे परिवार को चुनाव जीतने में कामयाब रहे। केवल दो चुनावों में इनको हार मिली है। बुधवार को इन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं केशव मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, भाजपा नेता अमरपाल मौर्या की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया। ब्लॉक प्रमुख के राजनैतिक कैरियर में नजर डाली जाए तो 2005 से 2021 तक इन्होंने 20 चुनाव लड़े। जिसमें 18 में जीत हासिल की। इन्होंने सचिवालय की नौकरी छोड़कर 2005 में प्रधान पद का चुनाव बड़ागांव से लड़ा और जीता। यह 10 वर्ष प्रधान रहे। 2015 में मां सुमित्रा देवी को प्रधान बनाने में सफल रहे। मां की मौत के बाद बहन सुमन यादव को इंचार्ज प्रधान बनवाया। उपचुनाव में अनुज बहू कुसुम को प्रधान बनाने में सफल रहे। 2010 में ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन बसपा विधायक अशोक सिंह चंदेल के कारण नामांकन नहीं करा सके थे। 2012 में इन्होंने ब्लॉक प्रमुख हरिदास को हटाकर पत्नी सुमन यादव को प्रमुख बनाया।

# एचटी लाइन टूटकर गिरी युवक की जलकर मौत

## बाइक से दूध खरीदने जा रहा था, ग्रामीणों ने किया हंगामा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बाइक से दूध खरीदने जा रहे एक युवक के ऊपर सड़क के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन का तार टूट कर गिरने से युवक की जलकर मौके पर मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंचे एसडीएम और सीओ ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


बृजेश।

जरिया थाने के कैमोखर गांव निवासी ब्रजेश कमार यादव 42 पुत्र जागेश्वर यादव दूध बेंचने का काम करता था। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे ब्रजेश बाइक से दूध लेने के लिए बिलगांव जा रहा था। कैमोखर बिलगांव गांव के बीच सड़क के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन का एक तार अचानक टूटकर बाइक से जा रहे ब्रजेश के ऊपर जा गिरा। एचटी लाइन के तार के गिरते ही करंट की चपेट में आने से उसकी जलकर मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी लगी तो सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काट। मौके पर पहुंचे एसडीएम सरीला और सीओ ने ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा देते हुए शांत कराया। मृतक ब्रजेश के छोटे भाई सुरेश कुमार ने बताया कि वह तीन भाई ब्रजेश, दिनेश हैं।

### विद्युत पोल गिरने से किसान घायल, इलाज के दौरान मौत

सुमेरपुर(हमीरपुर)। मंगलवार को आंधी-पानी के दौरान विद्युत पोल टूट कर गिरने से घायल किसान की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के पारा रैपुरा गांव का निवासी जनार्दन प्रजापति (45) मंगलवार को शाम खेतों पर मौजूद था। अचानक आंधी आने पर इसके ऊपर विद्युत पोल टूट कर गिर गया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने इसको उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर इसको रात में ही कानपुर रेफर किया गया था। कानपुर में रात को इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। मृतक अपने पीछे माता-पिता के अलावा पत्नी चंदा,पुत्र आदित्य, पुत्री आकांक्षा, पुत्र शिवांग के साथ छोटे भाई को रोता बिलखता छोड़ गया है। शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

# सिकरोढ़ी में मत्स्य जीवी समिति का किया गया गठन

**हमीरपुर।** विकासखंड कुरारा के सिकरोढ़ी गांव में मछुआ समुदाय के लोगों ने मत्स्य जीवी सहकारी समिति का गठन किया है।

ग्राम पंचायत सिकरोढ़ी के काली माई डेरा में मछुआ समुदाय की बैठक में बताया गया कि ने शासनादेश के तहत हर पांच किमी में मल्लाह निषाद व दलित बिरादरी के गरीब मछुआरे मत्स्य सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। रामफूल निषाद ने सदस्यों को लेकर चर्चा की। बताया गया कि तीन महिला, तीन अनुसूचित जाति और मछुवा समुदाय के करीब 21 रहेंगे। रामप्रकाश निषाद ने कहा यहां समिति बनने से उन लोगों को लाभ मिलेगा अब वह चंदूपुर की समिति से हट जाएंगे। सियाराम निषाद के पूछने पर सचिव ने कहा सभी सदस्यों को जाति प्रमाण पत्र और आधार कार्ड देना होगा। बैठक में जंग बहादुर ने अध्यक्ष के लिए रामप्रकाश का नामित किया। जिस पर सभी ने सहमति जताई। समिति की बैठक की सूचना मत्स्य अधिकारी को भेजी गई है।

# पोस्टर प्रतियोगिता में प्राची अव्वल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को लेकर ब्रह्मानंद महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रोबर्स रेंजर्स, एनएसएस, बीएससी होम साइंस, कृषि विज्ञान एवं विज्ञान के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में पोस्टर की विषय वस्तु, रंगोली के रंगों एवं आशय को ध्यान रखते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की घोषणा की गई।

पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी प्राची ने प्रथम स्थान, ममता एवं पूजा ने द्वितीय, मुकेश कुमार, शिवम पटेल, शरण, विमल बीएससी एग्रीकल्चर के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी हिना, शकीरा ,सना, आकांक्षा राजपूत ने प्रथम स्थान पाया। नीलम देवी ,प्रियंका उपासना ने द्वितीय तथा प्राची गुप्ता, मुकेश कुमार, शिवम पटेल, शरण कुमार, विमल गुप्ता, राजकुमार ने तीसरा स्थान पाया। इस दौरान डा.सरजू नारायण ने अपने उद्बोधन के दौरान वाहन चलने वाले छात्र-छात्राओं को सड़क के नियमों के पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डा.दशरथ सिंह ने छात्र छात्राओं से सड़क के नियमों के पालन करने की अपील की। डा.कमलेश राजपूत ने रंगों के महत्व पर प्रकाश डाला। डा.शीला सिंह ने सड़क पर अंकित प्रतीक चिन्हो के बारे में बताया। डा.आरबी शर्मा ने वाहन को सही स्थिति में रखना, इंडिकेटर का एवं सड़क पर अंकित प्रतीक चिंहों के उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डा.कमलेश राम ने सभी से सड़क के नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित चलने की अपील की। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका नोडल अधिकारी डा.जितेंद्र सिंह, डा.शीला सिंह, डा.कमलेश राजपूत और शिल्पा सिंह ने निभाई। इस अवसर पर प्राध्यापक डा.एसजी राजपूत, कीरत सिंह, समेत पूजा देवी, धर्मेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, कैलाश चन्द्र, राजेश चौरसिया आदि लोग रहे।


सड़क सुरक्षा को लेकर रंगोली बनाती छात्राएं। अमृत विचार

- **ब्रह्मानंद महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर हुई प्रतियोगिताएं**

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे आधा दर्जन हुए घायल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली के कुम्हरिया गांव में पुराने विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कुम्हरिया गांव निवासी विपिन कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि पुराने विवाद के चलते गांव के प्रहलाद राजपूत, शिवशंकर, प्रवेश, पुट्टन व वीरा गांव का निवासी ओकेंद्र के अलावा कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके घर के दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर उत्पात मचाने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया आरोपियों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से उसके हमला कर दिया। मारपीट होती देख कर उसके पिता ओमप्रकाश पुत्र नाथूराम व दादा नाथूराम उसे बचाने के लिए दौड़े तो उन्हें भी लाठियां से जमकर पीटा। मारपीट से ओमप्रकाश सहित दादा नाथूराम को गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के शिवशंकर पुत्र शौखीलाल ने बताया कि विपिन, ओमप्रकाश व नाथूराम बेवजह गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगे।


- **दोनों पक्षों ने कोतवाली में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी**

# दिव्यांगों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

संवाददाता, मुस्करा-हमीरपुर

**अमृत विचार।** सामाजिक अधिकारिता शिविर के बैनर तले विकासखंड परिसर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा 60 वर्ष से अधिक एवं विकलांग जनों को कृत्रिम अंगों सहित निशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कस्बा के विकासखंड परिसर में पंडाल लगाकर सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरण किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। और अपने हाथों से पहले लाभार्थी को व्हीलचेयर वितरित की। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर से आई टीम की अध्यक्षता कर रही डॉ.रानी यादव ने बताया एल्मिको (भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर) ने काफी समय पहले कृत्रिम सहायक अंगों के लिए वरिष्ठ नागरिकों के रजिस्ट्रेशन कराए गए थे। जिनमें से सभी के लिए सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर, लैट्रिन पॉट, कान की मशीन, दातों की बत्तीसी, छड़ी, सहित कई उपकरण शामिल हैं। बताया कि 738 लाभार्थियों को यह उपकरण बांटे जाने हैं। बताया कि लगभग 600 से अधिक लाभार्थी इसका लाभ अभी तक ले चुके हैं। बाकी लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कहा कि सभी 738 लोगों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख वीरनारायण राजपूत, बीडीओ प्रेमेंद्र पांडे, जिला पंचायत सदस्य करणसिंह राजपूत उर्फ दद्दू, सहित कानपुर से एल्मिको टीम के नोडल ऑफिसर राजदेव, डॉ.प्रमोद, डॉ.अमित, डॉ.पंकज आनंद सहित एक दर्जन लोग मौजूद रहे। वहीं उपकरण पाने के लिए ब्लॉक परिसर वरिष्ठ वृद्ध व दिव्यांगों से खचाखच भरा रहा। व्यवस्था संभालने में विकास खंड के कर्मचारियों के पसीने छूट गए।


वृद्धों को व्हीलचेयर वितरित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत व अन्य।

- **एल्मिको ने वृद्धों व दिव्यांगजनों के लिए लगाया सामाजिक अधिकारिता शिविर**

# वकीलों ने शुरू किया कार्य बहिष्कार, धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। फैमिली कोर्ट की जज द्वारा वादकारियों से क्रूरता पूर्ण व्यवहार किए जाने के विरोध में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एवं प्रैक्टिस डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा व राजेंद्र वीर सिंह चौहान की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को कार्य बहिष्कार कर जज के स्थानांतरण की मांग को लेकर न्यायालय गेट के बाहर अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

धरना प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि वादकारियों व आम जनता को निष्पक्ष व त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए अधिवक्ता संघ तत्पर है।कहा कि प्रधान न्यायाधीश परिवारिक न्यायालय द्वारा वादकारियों, वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर उन्हें अपमानित करते हैं। जिससे क्षुब्ध होकर अधिवक्ता संघ संघर्ष के लिए न्यायालयों का बहिष्कार, धरना-प्रदर्शन कर उच्च न्यायालय द्वारा उनका स्थानांतरण किए जाने की मांग कर रहा है। कहा कि परिवारिक न्यायालय अपने व्यवहार व कार्य गुजारी में बदलाव नहीं कर रहा है।

- **प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय पर लगाया दुर्व्यवहार व अभद्रता का आरोप**

प्रकृति का कहर | पारा गांव में मुर्गी फार्म ध्वस्त, तीन हजार चूजों की मौत

# आंधी से जीजीआईसी की 60 मी. लंबी बाउंड्रीवाल गिरी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मंगलवार को बारिश ओलों के साथ आई जोरदार आंधी ने लोगों को भारी क्षति पहुंचाई है। आंधी से राजकीय बालिका इंटर कालेज की 60 मीटर लंबी बाउंड्रीवाल ध्वस्त हो गई। वहीं पारा गांव में मुर्गी फार्म ध्वस्त होने से 3000 चूजों की मौत हो गई। इससे करीब 5 लाख का नुकसान हुआ है। राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य स्मृति त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार की देर शाम आई आंधी से 60 मीटर कॉलेज की बाउंड्री ध्वस्त हो गई है। 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षा होने के कारण जिला विद्यालय निरीक्षक ने तत्काल निर्माण करने की निर्देश दिए हैं। बुधवार को प्रधानाचार्य ने कार्य शुरू कराया है। वहीं क्षेत्र के ग्राम पारा में बच्चन प्रजापति का मुर्गी फार्म हाउस जमींदोज होने से 3000 चूजों की मौत हो गई और 195 बोरी दाना बारिश से भींगकर नष्ट हो गया। फार्म हाउस मालिक के अनुसार करीब 5 लाख का नुकसान हुआ है। वही ओलों के बारिश से क्षेत्र में सैकड़ों पक्षियों की मौत हो गई। इनमें कौवे, बगुले, चिड़िया शामिल है। किसान राधेश्याम तिवारी, राजेश द्विवेदी, राजाराम अनुरागी, भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार सिंह, स्वामीदीन यादव, रामकिशोर सिंह, सौरभ सिंह आदि ने बताया कि इस तरह की त्रासदी 19 साल बाद हुई है। 2005 में भी मार्च में माह में ओलावृष्टि से सब कुछ तबाह हो गया था।


आंधी से गिरी जीजीआईसी की बाउंड्रीवाल। अमृत विचार

### किसान टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं

**हमीरपुर।** जिला कृषि अधिकारी हरिशंकर ने जनपद के समस्त किसानों को सूचित किया है कि जनपद में 20 फरवरी को आंधी व भारी वर्षा के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। जिसके फलस्वरूप जनपद के कुछ ग्रामों में रबी फसलों के क्षति की संभावना है। अत जिन किसानों की फसलों को ओलावृष्टि, वर्षा एवं प्राकृतिक आपदा से क्षति हुई है। वह कृषक टोल फ्री नम्बर 18008806868 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराये। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि को 72 घंटे के अंदर अपनी शिकायत दर्ज करा दें। जिससे किसानों की फसली की क्षति का सर्वे किया जा सके तथा उनको क्षतिपूर्ति की धनराशि समय से प्राप्त हो सके। बीमा कंपनी के विकास खण्डवार प्रतिनिधियों के सम्पर्क सूत्र निम्नवत है। जिसमें अजीत कुमार शर्मा सुमेरपुर, मो.न. 9794762323, बृजेंद्र सिंह कुरारा मो.न. 8423141082, शिवकुमार सुमेरपुर मो.न. 7355339237, आकाश मौर्य मौदहा मो.नं. 6307744830, विजय कुमार मुस्करा मो.न. 6394854553, रत्नेश तिवारी सरीला मो.न. 6393576425, अंकित कुमार पाण्डेय गोहाण्ड मो.न. 9569101982, मुकेश कुमार राठ मो.न. 6388058595, सुनील सरीला मो.न. 7668801354, व अंकित सिंह राठ मो.न. 9838738130 है।

# ओलावृष्टि से हुई क्षति पर फरियाद

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र में किसान समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की पांच व ओलावृष्टि से संबंधित तीन शिकायत आईं। जिनका मौके पर निस्तारण किया गया।

स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में बुधवार को उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव की अध्यक्षता में किसान समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें भगवती सागर, राम खिलावन, मानसिंह, श्याम बाबू , दयाराम ने पीएम किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत की। जिस पर कृषि विभाग द्वारा मौके पर उनका ई केवाईसी कराया गया। वहीं राकेश मोखम, रविंद्र ने ओलावृष्टि से हुई फसलों के नुकसान के बारे में शिकायत की। जिस पर विभाग द्वारा किसानों को बताया गया कि 36 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 18008896868 में शिकायत दर्ज कराएं। जिससे कि उन्हें लाभ मिल सके। किसान समाधान दिवस में अजीत कुमार, डॉ.सोनम दीक्षित, घनश्याम वर्मा, सुरेश चंद्र, शुभम पांडे, अभिषेक साहू, अनूप कुमार, बाबूराम, विनोद कुमार, सुशील कुमार, सुरेश, किसान संतराम कुशवाहा, केशव प्रसाद मिश्रा, कृष्ण कुमार कुशवाहा, राम मनोहर सिंह, आकाश, धीरेन्द्र, स्वामी दीन आदि मौजूद रहे।


किसान समाधान दिवस में समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

- **किसान समाधान दिवस पर सम्मान निधि की पांच व दैवी आपदा से जुड़ी तीन फरियादें**

# 35 करोड़ रुपये से भी अधिक का बजट मंजूर

## जिला पंचायत बोर्ड बैठक में लिए गए अहम फैसले, नए सदस्य को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** जिला पंचायत बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट अनुमोदित हुआ। जिला योजना की बैठक में सदस्यों द्वारा दिये गये प्रस्तावों न शामिल करने और जानकारी न दिए जाने पर कड़ा एतराज जताया गया। सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में हाईमास्ट लाइट लगवाने की मांग की गई। बोर्ड बैठक के दौरान नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य को अध्यक्ष ने शपथ दिलाई।



बोर्ड बैठक में भाग लेते सदस्य। अमृत विचार

जिला पंचायत सभागार में बुधवार को अध्यक्ष सुनील पटेल की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित हुई। अपर मुख्य अधिकारी पिछली बैठक की कार्रवाई सदन में पढ़कर सुनाई। इस दौरान वार्ड नंबर-23 से नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य संगीता देवी को अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण कराई। पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 739277402 रुपये एवं चालू वित्तीय वर्ष के मूल बजट 358265475 रुपये स्वीकृत के लिए सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

सदन में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। अपर मुख्य अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने पंचम राज्यवित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य मदों से वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त होने वाली धनराशि के अंतर्गत गाइडलाइन के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कराये जाने वाले विकास कार्यो के लिए कार्य योजना पर चर्चा की। इस पर सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। डीडीसी भरत सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में हाईमास्ट लाइट लगवाये जाने की मांग की। सदस्य अब्दुल रईस ने जिला योजना की बैठक में सदस्यों द्वारा दिये गये प्रस्तावों को न शामिल करने व जानकारी न दिए जाने पर नाराजगी जताई गई। सदस्य इंद्रजीत यादव ने अब्दुल रईस का समर्थन करते हुए अध्यक्ष से जिला योजना की बैठक में सदस्यों को बुलाने के लिए पत्र जारी करने का अनुरोध किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राजाराम, रजनी, मंजू, इंद्रजीत, अरूण कुमार, भरत, गायत्री देवी, सीता सिंह, नीरज कुमार, असरफुन निशां, प्रेमा, रेखा, संतराम सिंह, असरफुल अमीन, राजरानी, सदाशिव, रामकेश सिंह, मयंक द्विवेदी, संगीता देवी, सुमनलता सिंह पटेल, राजकुमारी, मीराबाई पटेल, चंद्रशेखर, कमलेश, अब्दुल रईस, शिवकरन सहित पदेन सदस्य मनफूल पटेल (ब्लाक प्रमुख, नरैनी), दीपशिखा सिंह, ब्लाक प्रमुख तिंदवारी, रमाकांत पटेल ब्लाक प्रमुख बबेरू, रावेंद्र गर्ग ब्लाक प्रमुख कमासिन, शंभू कोटार्य ब्लाक प्रमुख बिसंडा सहित अभियंता सतेंद्र सिंह चैहान, पंचानन वर्मा, कर अधिकारी अजय दीप आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने सभी का आभार जताया।

# प्रदर्शनी में बेहतरीन मॉडल प्रदर्शित कर दिखाया हुनर, मिली वाहवाही

संवाददाता, बबेरू (बांदा)

**अमृत विचार:** कस्बे के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र व छात्राओं द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अच्छा मॉडल बनाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मॉडल बनाने व विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर छात्र-छात्रों ने नई तकनीक का मॉडल बनाकर हुनर दिखाया है।



प्रदर्शन में मॉडल का अवलोकन करते अतिथिगण। अमृत विचार

कस्बे के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन उपजिलाधिकारी नमन मेहता, बीडीओ अजय कुमार पाण्डेय व कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने फीता काटकर काटने के बाद अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जूनियर स्तरीय 12 और सब जूनियर की 8 टोलियो ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में स्मार्ट सिटी, ट्रैफिक नियंत्रण, जल संचय के मॉडल आकर्षण का केन्द्र रहे। निर्णायक मंडल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद प्रथम व द्वितीय व तृतीय स्थान पाने का प्रतिभागियों मोनिका, जान्हवी तिवारी, सोनिका, काजल शर्मा, जया पाण्डेय, प्रवेश कुमार, रवि धुरिया, अतुल द्विवेदी, आदर्श पाठक समेत अन्य छात्र-छात्राओं को को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में धनराज सिंह पूर्व प्रधानाचार्य, शिशुपाल, जयराम जैन सागर, विन्देश्वरी आदि शामिल रहे। प्रबन्धक विश्वेश्वर पांडेय व डायरेक्टर सौरभ चंद्र ने सभी का आभार किया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्विवेदी, दीपक, अमेन्द्र, राजेश, सीमा त्रिपाठी, सौरभ चन्द्र, राहुल, रामरूप द्विवेदी, भाजपा जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, श्यामजी मिश्रा, राजा दीक्षित, महेन्द्र यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख शिरोमणि श्रीवास, चन्द्र मोहन श्रीवास्तव श्यामबाबू आदि उपस्थित रहे।

# जिला प्रचारक को बताई समस्याएं

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल उत्सव पैलेस में एक व्यापारी गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक धनंजय ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी राष्ट्र निर्माण की नींव होता है। सामाजिक कार्यों में व्यापारियों की महती भूमिका होती है। उन्होंने राठ व्यापार मण्डल कि भूरी भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष केजी अग्रवाल ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को रखा। समस्याओं के निस्तारण को लेकर व्यापारिक मासिक गोष्ठी में विभिन्न व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई। युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने गोष्ठी में बताया कि कोट बाजार स्थित फुटकर सब्जी मंडी जो कि पिछले 3 वर्षों से तैयार है। प्रशासन की उदासीनता के कारण उसको शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। व्यापार मंडल के संरक्षक सुरेंद्र माहेश्वरी ने मुख्य बाजार में अतिक्रमण परमानेंट तौर से हटाने की बात कही। जिला अध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि जिलाधिकारी हमीरपुर की अध्यक्षता में पिछले माह संपन्न हुई उद्योग बंधु की मीटिंग में इन सभी समस्याओं को डीएम के सामने रखा गया था। परंतु समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। इस मौके पर काशी प्रसाद गुप्ता, कैलाश चंद्र अग्रवाल, प्रमोद बजाज, शिवशरण सोनी, दीपेंद्र बुधौलिया, योगेश आर्य, राजेश अग्रवाल, मनोज सोनी, लक्ष्मी त्रिपाठी, कामता प्रसाद बवेले, मनोज आनन्द, रमेश चन्द्र गुप्ता, दिलीप सोनी, राजकुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, अमरजीत अरोड़ा, विजय परिहारा, संतोष परिहार समेत अनेक लोग रहे।



व्यापारियों की समस्याओं को लेकर वार्ता करते जिला प्रचारक। अमृत विचार

## सड़क को लेकर शुरू होगा आंदोलन

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के रमना गांव की जर्जर सड़क चुनाव बहिष्कार के बाद भी नहीं बन सकी। हालांकि चुनाव बहिष्कार पर आश्वासन अवश्य मिला था। लेकिन हालात जस के तस हैं।

इसको लेकर बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत चुप नहीं बैठेगी। कल इस मुद्दे पर ज्ञापन देने के साथ ही संघर्ष शुरू कर देगी। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार तिवारी ने कहा रमना गांव की सड़क जर्जर है।

ग्रामीणों का आवागमन कठिनाइयों भरा है। पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव बहिष्कार कर सड़क की मांग की गई थी, लेकिन स्थिति जस की तस है। इस बार सेना आरपार की लड़ाई के लिए तैयार है। गुरुवार को ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी। जिसके तुरंत बाद अनशन भी शुरू करेंगे। सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव इस आंदोलन को मजबूती के साथ जारी रखेंगे।

# हत्या के प्रयास में दो भाइयों को सात वर्ष कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



- दोनों पर अदालत ने लगाया 20 हजार रुपये का अर्थदंड

**अमृत विचार।** थाना सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक मोहल्ले में करीब 20 साल पूर्व पुरानी रंजिश में एक व्यक्ति पर तमंचा से गोली मारकर घायल करने के मामले में दो भाइयों को अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। वहीं अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ला व सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक में पिछले 19 नवंबर 2004 को इदरीश खान अपने भाई सुभान के साथ बाजार से घर जा रहा था। तभी उसके पड़ोसी अभियुक्त राजू उर्फ बलवान सिंह व उसके भाई इंदल सिंह पुत्र रणधीर सिंह ने भूरेलाल के मकान के सामने तमंचा से गोली चलाई। गोली लगने से इदरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि आरोपी पक्ष ने उनके खिलाफ झूठी डकैती का मुकदमा एसीजेएम कोर्ट में दाखिल किया था। जिस पर उन लोगों ने रिवीजन दायर किया जिसके चलते उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी। इसी को लेकर आरोपी पक्ष उनसे रंजिश मानने लगे। गुरुवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश दप्रक्षे पीके जयंत की अदालत ने दोनों भाइयों को दोषसिद्ध पाया। अदालत ने प्रत्येक को सात वर्ष के कठोर कारावास व 10–10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## सार-संक्षेप

### परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लान देखने पहुंचे परीक्षार्थी

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** आज से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं के लिए सीटिंग प्लान देखने के लिए बुधवार को परीक्षा केंद्रों में छात्र–छात्राओं की दिन भर भीड़ उमड़ी रही। सभी सूची देखकर अपने कक्ष में जाकर बैठने का स्थान देखते नजर आए। गुरुवार से हाईस्कूल इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही है। बुधवार को परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लान देखने के लिए छात्र छात्राओं की दिन भर भीड़ उमड़ी रही।

### आर्थिक सहायता को संपर्क करें मुंबई दंगों के वारिस

**बांदा :** प्रभारी सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका में पारित निर्णय के अनुपालन में मुम्बई के सन् 1992–93 में हुए दंगों और बम विस्फोटों में मृतकों, पीडितों व लापता व्यक्तियों के वारिसों को प्रलम्बित आर्थिक सहायता प्रदान किया जाना है। जिन मृत लापता व्यक्तियों के वारिसों के बारे में अनेक प्रयासों के बावजूद कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है, ऐसे मृत लापता व्यक्तियों की सूची वेब साइटों पर उपलब्ध करायी गयी है। मृत लापता व्यक्तियों के सम्बन्धित कानूनी उत्तराधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे सरकार से वित्तीय सहायता के बारे में आवश्यक दस्तावेज व पहचान प्रमाण पत्र के साथ इस अपील के जारी होने के एक माह के भीतर जिलाधिकारी कार्यालय मुम्बई शहर रूम नम्बर–103, पहली मंजिल, ओल्ड कस्टम हाउस शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट मुम्बई पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### तीन लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**बांदा :** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मझीवां गांव निवासी कल्लू 23 पुत्र ननकूराम ने बुधवार की दोपहर किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर घर वालों को जानकारी हुई। इसी कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी रुखसार 18 ने घर वालों की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टी होने पर उसकी भी हालत बिगड़ गई। मंठा गांव निवासी शिवमंगल 50 पुत्र राजकुमार ने घरेलू कलह से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर घर वालों ने उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया।

### मकान पर कब्जे को लेकर पूर्व सैनिक उतरे मैदान में

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में बेवा के मकान का फर्जी बैनामा और मकान पर कब्जे को लेकर अब सैनिक संगठन बेवा के पक्ष में आ गया है। इसी सिलसिले में संगठन के अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला सिचौली पुरवा निवासिनी सुरजी बेवा रतिया कुशवाहा के पुश्तैनी मकान में राना बेगम पत्नी अब्दुल यूसुफ ने फर्जी बैनामा दिखाकर कब्जा कर लिया है और गरीब बेवा एक कोठरी में जीवन गुजार रही है। जिसको लेकर वीर भूमि बुंदेलखंड पूर्व सैनिक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष राजबहादुर सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली प्रभारी को एक शिकायती पत्र सौंप कर बेवा के मकान को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही बताया है कि संगठन गरीबों, सैनिकों के परिजनों और बेसहारा लोगों की सहायता के लिए हमेशा अग्रसर है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जानकारी है, दोनों पक्षों को अपने अपने कागजात लेकर बुलाया गया है। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### आधा सैकड़ा से अधिक गांवों की 20 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित

**हमीरपुर।** मंगलवार शाम आई आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई। इससे लगभग 125 बिजली पोल टूटकर धराशायी हो गए। कई ट्रांसफार्मर जमींदोज हो गए। जिससे सदर तहसील सहित मुस्करा क्षेत्र के करीब 80 गांवों की बिजली आपूर्ति 20 घंटे से ठप है। हालांकि विभाग टीमें भेजकर बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटा है। सुमेरपुर बिजली घर से इमलिया पावर हाउस व गहरौली क्षेत्र को गई हाईटेंशन लाइन के तार टूटने से इमलिया व बिवांर दोनों पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले 30 गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जो देर रात तक ठीक नहीं की जा सकी। बुधवार दोपहर 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

## बहन-भाई समेत तीन को पीटा

**बांदा:** चोरी के इरादे से घर में घुसे युवक को परिजनों ने देख लिया। युवक और उसके परिजनों ने बहन-भाई समेत तीन लोगों को पीटकर लहूलुहान कर दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के अर्जुनाह गांव निवासी कुलदीप पुत्र जगबहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने घर में सो रहा था, तभी रात में पड़ोसी युवक चोरी के इरादे से घर में घुस आया। इसी बीच उसकी बहन की अचानक नींद खुल गई। शोर मचाने पर कुलदीप भी कमरे से बाहर आ गया। युवक ने कुलदीप को दबोचकर उसका गला दबाने का प्रयास किया। आरोपी युवक के परिजन भी वहां आ गए। सभी ने कुलदीप, उसकी बहन व मां राजकुमारी को लहूलुहान कर दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

**अतर्रा (बांदा):** नटखट बचपन इंटरनेशनल एमिटी स्कूल का स्थापना दिवस डायरेक्टर राकेश गुप्ता की अगुवाई में मनाया गया। बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भगवान राम-लक्ष्मण और सीता के स्वरूपों में सजे बच्चों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांडिया, गरबा, आदि गीतों पर बच्चे जमकर नाचे-थिरके। शुभारंभ एसडीएम रवींद्र सिंह और नगर पालिका परिषद चेयरमैन संगीता निराला व एबीएसए रवेंद्र कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सोशल मीडिया नाटक को दर्शकों ने जमकर सराहा। फैंसी ड्रेस में बच्चों ने राम-लक्ष्मण और सीता के रूप में दर्शकों का मनमोह लिया। संचालन रमेश गुप्त व शिप्रा गुप्ता ने किया। राजकिशोर बाजपाई, गिरिजाशरण तिवारी, सूरज बाजपाई रहे।

# 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं को तेजी से पूरा कराएं: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- महिला अस्पताल में अग्निशमन यंत्र मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

**अमृत विचार।** 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने की। जिला महिला चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था के कार्य का उपभोग प्रमाण पत्र देने के उपरांत अवशेष धनराशि उपलब्ध कराने के संबंध में किए गए पत्राचार पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। नई सड़कों का निर्माण तथा पुरानी सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य प्राथमिकता से कराएं। कहा जिन परियोजनाओं में पूरी धनराशि मिल चुकी है उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। परियोजनाओं में धनराशि व्यय होने के बाद उपभोग प्रमाण पत्र अवश्य दिया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं में जो धनराशि अवमुक्त की जा रही है उसके सापेक्ष भौतिक प्रगति अवश्य प्राप्त होनी चाहिए। ऐसी परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें नियमानुसार समय से हैंडओवर करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिला महिला चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था के कार्य का उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित करने के उपरान्त अवशेष धनराशि उपलब्ध कराने के संबंध में किए गए पत्राचार के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के संबंधित को निर्देश दिए।

इस मौके पर सीएमओ, डीआईओएस, पर्यटन सूचना अधिकारी सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि /अधिशासी अभियंता तथा अन्य संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**मुसीबत** | किसानों के खून पसीने की कमाई हुई बर्बाद, अब मुआवजे का ही आसरा

# कुरारा ब्लाक क्षेत्र में ओलावृष्टि से 15 प्रतिशत से अधिक की क्षति

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र में मंगलवार शाम तेज हवाओं के साथ बारिश ओले गिरने एक दर्जन गांवों के किसानों की फसल जमीदोज हो गई। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने तिकोना हार, जखेला मौजे सहित गांवों में ओलावृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे किया।

मंगलवार शाम कुदरत का कहर बरसा। तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से क्षेत्र के ककराऊ, करियापुर, गुजौरा, बेरी, देवीगंज, गुलाबगंज, राजन का डेरा, जखेला, मलहरा, पारा, कंडौर, जल्ला आदि गांवों के किसानों की फसल मटर, मसूर, चना, सरसों, लही, गेहूं आदि जमींदोज हो गई। जिससे किसानों के चेहरों से मुस्कान गायब हो गई। बुधवार को राजस्व विभाग क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक अशोक निगम, घनश्याम जी कमल, मोतीलाल, अवध नारायण साहू ने तिकोना हार, जखेला मौजा में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का सर्वे किया। क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक ने बताया कि तिकोना हार में ओलावृष्टि से 15% ही नुकसान हुआ है। वही जखेला गांव में किसानों की फसलों का सर्वाधिक नुकसान हुआ है। वह अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजेंगे, जिससे किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके।



बारिश व ओलावृष्टि से क्षति का आकलन करती राजस्व टीम। अमृत विचार



"जखेला गांव निवासी किसान प्रदीप सिंह ने बताया कि ओलावृष्टि व बारिश से दो बीघा मसूर, दो बीघा चना, चार बीघा मटर, 7 बीघा गेहूं की फसल क्षतिग्रस्त हुई है। बताया कि लड़की की शादी 17 अप्रैल को होनी है। फसल खराब हो जाने से लड़की के हाथ पीले करने की चिंता सता रही है।

–प्रदीप सिंह



जखेला गांव के किसान सिद्धगोपाल वर्मा ने बताया कि चार बीघा में मटर की फसल बोई थी। बारिश व ओला वृष्टि होने से फसले जमींदोज हो गई है। बताया कि पुत्री की शादी 26 अप्रैल को तय हो गई थी। फसल नष्ट होने से शादी को लेकर परेशान है। रिश्तेदारों से कर्ज लेकर पुत्री के हाथ पीले करने पड़ेगे।

–सिद्धगोपाल"

### विद्युत विभाग को लगी एक करोड़ की चपत

**सुमेरपुर।** मंगलवार को देर शाम आंधी बारिश से विद्युत विभाग को करीब एक करोड़ की चपत लगी है। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि आंधी और बारिश से क्षेत्र में 50 विद्युत पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। करीब 50 पोल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए है। इंसुलेटर और तार टूटने की अनगिनत घटनाएं हुई हैं। आंधी से करीब एक करोड़ की क्षति होने का अनुमान है।



"ओलावृष्टि व बारिश से हुए फसलों के नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। साथ ही सभी गांवों में तैनात हेडमास्टरों को निर्देशित कर ग्रामीणों को सूचित करें कि ओलावृष्टि व बारिश से जो फसलों की हानि हुई है। उसकी क्षतिपूर्ति के लिए फसल बीमा टोल फ्री नंबर 18008896868 में कॉल करें। और 72 घंटे के अंदर अपना दावा जरूर किए जाने की जानकारी उपलब्ध कराए जाने को कहा गया है।

–अरुण कुमार मिश्रा, एडीएम वित्त एवं राजस्व

# ओलावृष्टि से 10 हजार हेक्टेयर फसल हुई बर्बाद

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- करोड़ों रुपये से ज्यादा नुकसान की संभावना

**अमृत विचार।** मंगलवार को देर शाम बारिश एवं ओलावृष्टि के बाद बुधवार को तड़के किसान खेतों की ओर दौड़ पड़ा। फसलों की दुर्दशा देखकर किसान दहाड़ मारकर रो पड़ा। एक दर्जन ग्राम पंचायतों में 90 फीसदी से ज्यादा नुकसान का अनुमान है। इन गांवों की करीब 10000 हेक्टेयर की फसल जमींदोज हुई है। राजस्व विभाग व कृषि विभाग की टीमें गांवों में पहुंचकर क्षति का आकलन करने में जुट गई है। मंगलवार को शाम 5:00 बजे के बाद कुदरत ने जमकर कहर बरपाया और कस्बा सहित पंधरी, पारा रैपुरा, टेढ़ा, देवगांव, सिमनौडी, सौंखर, नरायनपुर, कुंडौरा, दरियापुर, चंदौखी, पौथिया, बरदहा सहजना, कलौलीतीर, सहुरापुर, उजनेड़ी, कलौलीजार, नदेहरा, स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, कुम्हउपुर, मोराकान्दर, बांकी, बांक, बिलहड़ी, पलरा आदि गांवों में लहलहा रही फसलों को जमींदोंज कर दिया। बुधवार को फसलों की दशा देखकर किसान दहाड़ मारकर रो पड़ा। बांक के किसान पप्पू यादव ने बताया कि उसके पास 7 बीघा जमीन है। उसने गेहूं की फसल बो रखी थी।ओलावृष्टि से पूरी तरह जमींदोज हो गई है। कुछ भी नहीं बचा है। इसी तरह बाँक के किसान हरनारायण साहू ने बताया कि उसने 60 बीघा में मटर मसूर सरसों गेहूं की फसल बो रखी थी। कुछ भी नहीं बचा है। सब कुछ तबाह हो गया है। उधर बुधवार को राजस्व विभाग व कृषि विभाग सर्वे में जुट गई है। कृषि रक्षा इकाई के कर्मचारी ओमप्रकाश, गजेंद्र सिंह,अरविंद कुमार, रामनरेश, अजीत शुक्ला आदि ने ओलावृष्टि गांवों का दौरा करके क्षति का आकलन किया। कृषि रक्षा इकाई टीम के अनुसार 90 फीसदी से ज्यादा नुकसान हुआ है।

## मुआवजे के लिए सीएम से करेंगे चर्चा

**हमीरपुर।** सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में हुई भीषण बारिश और ओलावृष्टि से तबाह हुए किसानों को राहत दिलाने की हर संभव कोशिश की जाएगी। अभी उन्होंने जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से फसलों का सर्वे कराने को कहा है।



डॉ.मनोज कुमार प्रजापति।

जिन किसानों का केसीसी बना है अथवा किसान बीमा है और ओलावृष्टि से उनकी फसल का नुकसान हुआ है उनसे अनुरोध है कि टोल फ्री नंबर 18008896868 पर 72 घंटे के अंदर अपनी शिकायत दर्ज करा दें। जिससे उनके नुकसान का शीघ्रातिशीघ्र आकलन कराया जा सके और बीमा का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर भी इस विषय में चर्चा करेंगे।

# किसान, युवा, महिलाओं के दम पर जीतेंगे चुनाव: अजेंद्र

**हमीरपुर- महोबा से सपा उम्मीदवार अजेंद्र सिंह राजपूत ने की अमृत विचार से बातचीत**



महोबा। लोकसभा चुनाव में सपा ने हमीरपुर- महोबा- तिंदवारी संसदीय क्षेत्र से जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर लोधी समाज के अजेंद्र सिंह राजपूत को मैदान में उतारा है। टिकट की घोषणा होते ही सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी प्रचार में भी जुट गए हैं। मोदी की गारंटी के नारे के बीच वे कैसे इस जंग में विजय दर्ज करेंगे इस मुद्दे पर अमृत विचार संवाददाता नईमुर्रहमान ने अजेंद्र सिंह राजपूत से बातचीत की। उन्होंने दावा किया कि किसान, मजदूर, युवा हर किसी का उन्हें समर्थन मिलेगा और वे चुनाव जीतेंगे। पेश है बातचीत के अंश...

**2019 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के बाद भी सपा- बसपा प्रत्याशी भाजपा से हार गया था इस बार कैसे जीतेंगे?**

■ देखिए तब भाजपा के झूठे वादों और बहकाबे में बुंदेलखंड की जनता आ गई थी, लेकिन पांच साल तक भाजपा की डबल इंजन सरकार ने कुछ भी नहीं किया। झूठे वादे और जुमले की इस सरकार की हकीकत मतदाता जान चुके हैं। भाजपा ने जनता को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया। इसलिए अब मतदाता सपा के साथ जाएंगे और उनकी जीत को सुनिश्चित करेंगे। बैकवर्ड, दलित, अल्पसंख्यकों के अलावा सभी वर्ग के मतदाताओं का भरोसा सपा पर है। संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग के मतदाता हैं, इसी को देखते हुए सपा मुखिया ने पिछड़े वर्ग के प्रत्याशी को टिकट दिया है। सबका समर्थन ही हमारी जीत का आधार है।

**आपको कैसे लगता है कि किसान, युवा सब आपके साथ हैं ?**

■ चुनाव में किसानों की आय दोगुनी करने, फसल बीमा का लाभ देने के वादे किए थे, लेकिन आज तक कोई वादा पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार ने किसानों की समस्याओं को नजरदांज कर आंखें मूंद ली हैं। एमएसपी की गारंटी देने के बजाय किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ी है। सभी को पता है कि हर किसी का हित सपा के साथ जाने में है।

**आपके नजर में पांच स्थानीय मुद्दे क्या हैं ?**

■ पाइपलाइन बिछाने के नाम पर घोटाला, किसानों की खाद बीज समस्या, दैवीय आपदा के समय किसानों को मुआवजा दिलाने, बिजली, सड़क जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। पांच साल तक महंगाई, बेरोजगारी, पानी, खाद बीज जैसी समस्याओं ने जूझ रही जनता अब भाजपा से ऊब चुकी है, इसका लाभ लोकसभा चुनाव में सपा गठबंधन को मिलेगा।

**भाजपा ने जनता को धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया, मतदाता धोखे से नाराज हैं**

**टिकट न मिलने से जो नाराज हैं उन्हें कैसे मनाएंगे ?**

■ समाजवादी पार्टी एक परिवार है। टिकट न मिलने से कोई भी नाराज नहीं है, बल्कि सपा मुखिया के निर्णय के बाद सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एकजुट होकर इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने के लिए अभी से जुट गए हैं। सपा के सभी कार्यकर्ता, नेता सपा प्रत्याशी को जीताने के लिए एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। कंधे से कंधा मिलाकर प्रचार शुरू कर दिया है।

**आपको लगता है कि आपकी जीत का आधार पीडीए बनेगा ?**

■ भाजपा सरकार में पिछड़े, अल्पसंख्यकों और दलितों को पूरी तरह से नजरंदाज कर दिया गया है। पिछड़ों को उनके मानक के अनुरूप आरक्षण भी नहीं दिया जा रहा है, इसलिए जिसकी जीतनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के अनुपात में पिछड़ों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। जातिगत जनगणना करने से भी सरकार भाग रही है, इसलिए पीडीए लोकसभा चुनाव में जीत का एक बड़ा आधार बन सकता है। पिछड़ों, दलितों के लिए इस सरकार ने कुछ नहीं किया।

**लोकसभा चुनाव में आपके स्थानीय स्तर पर क्या मुद्दे होंगे ?**

■ गांव- गांव की टूटी पड़ी सड़कें, छोटे कस्बों और गांव में स्वास्थ्य केंद्र न होने से लोगों को बड़ी समस्याएं हैं। इक्का- दुक्का जगह पर स्वास्थ्य केंद्र हैं भी तो डॉक्टर नही हैं। डाक्टरों की नियुक्ति कराने का काम करेंगे। किसानों को सूखा राहत का पैसा दिलाए जाने, गांव- गांव में बिछाई गई पाइपलाइन के बाद भी घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है, इन सारे मुद्दों को प्राथमिकता से उठाउंगा।

## सार-संक्षेप

### बाइक का संतुलन बिगड़ने से दो घायल

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक से जा रहे चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस की मदद से घायल दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांदा के मोहल्ला अलीगंज निवासी अनुज (29) पुत्र मुन्ना अपने साथी सौरभ (27) के साथ बाइक द्वारा जिला हमीरपुर के कस्बा राठ अपने रिश्तेदारों के यहां जा रहा था, तभी हाईवे पर शहर कोतवाली के ग्राम चांदा के पास चालक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे मय बाइक के दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। घायलों को देख आसपास खड़े ग्रामीण वहां पहुंचे ओर एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महोबा।** एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्रों की बरामदगी कर अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई अमल मे लाए जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा द्वारा उपनिरीक्षक शेरे आमल खां के नेतृत्व में बनाई गई पुलिस टीम ने दुर्गा क्रशर कुलपहाड़ के पास से अवैध 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित रामसिंह यादव (21) को गिरफ्तार किया है।

### कार्यशाला में बताई सरकार की उपलब्धियां

**महोबा।** मंडल पनवाड़ी के एक पैलेस में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष पवन सोनी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा रहे। इस मौके पर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बावत जानकारी दी गई साथ ही अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया गया। इस मौके पर मंडल पनवाड़ी के मंडल प्रभारी योगेंद्र मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा के रामकुमार राजपूत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू नगाइच, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार प्रभाकर, धीरज अनुरागी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रियंका सोनी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष अग्निहोत्री, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राहुल नायक, मंडल महामंत्री संतोष पाठक सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ओला व बारिश से बर्बाद हुई रबी की फसल

**खेतों में ओले की चपेट में आने से बिछ गई रबी की फसल, खेतों में ओले देखकर माथा पीट रहे किसान**

कार्यालय संवाददाता, महोबा



ओले के चलते खेत में बिछी फसल। अमृत विचार



तेज बारिश के बाद बिछे पड़े ओले।

**अमृत विचार।** बुधवार को हुई जोरदार बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की रबी की फसल बर्बाद हो गई है। खेतों में ओले गिरने से फसल जमीन पर बिछ गई है और रही सही कसर तेज हवाओं ने पूरी कर दी है। खेतों में ओले देखकर किसान माथा ठोक रहे हैं। कहीं कहीं कटाई के बाद फसल खेतों में रखी थी, जो ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई है। इससे अब किसानों के सामने दो जून की रोटी के लाले पड़ गए हैं। खेतों में जुताई बुवाई के लिए, लिए गए कर्ज की अदायगी की अब किसानों को चिंता सता रही है।

मालूम हो कि इस साल समय से बारिश न होने के कारण खरीफ फसल की पैदावार नहीं हो सकी थी। किसानों को रबी फसल की अच्छी उम्मीद थी, इसलिए किसानों ने साहूकारों और बैंकों से कर्ज लेकर खेतों में जुताई बुवाई करा दी थी, लेकिन अचानक बुधवार की शाम को जोरदार बारिश और ओला पड़ने से किसानों की फसल खेतों की भूमि में बिछ गई, मटर और चनों की फलियां टूटकर गिर गई ओलावृष्टि, तेज बारिश से किसानों की सरसो, राई, अरहर के फूल बर्बाद हो गए हैं, इससे किसान अब मायूस होकर अपने घर बैठ गया है और अपने भविष्य की चिंता कर रहा है कि अब आगे कैसे काम चलेगा।

गौरतलब है कि नहरों में पानी छोड़ दिए जाने से किसानों ने खेतों की जुताई बुवाई कर दी थी और खेतों में फसल भी लहलहा रही थी। जबकि मटर चनों की कटाई तेजी से चल रही थी, इसके बाद भी किसान दिन रात आसमान में बदलों को देखकर फसल की कटाई करने में जुटा हुआ था, लेकिन अचानक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की तबाही और बर्बादी की इबारत लिख दी। अब किसानों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है।

### किसानों ने बर्बाद फसल का मुआवजा मांगा

**पनवाड़ी महोबा।** बे मौसम हुई बारिश से बुधवार को विकास खंड के करीब आधा दर्जन गांवों में तेज हवाओं और ओला वृष्टि से किसानों की खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि की खबर प्रकार किसान घरों से खेतों की तरफ दौड़ पड़ा जहां पर खेतों में बिछी पड़ी फसल देखकर उसके होश उड़ गए। मालूम हो कि पिछली बार हुई तेज बारिश और जोरदार हवाओं के चलने से खरीफ की फसल पर बुरा असर पड़ा था लेकिन आज तेज बारिश और ओला वृष्टि के साथ जोरदार हवाओं के चलने से खेतों में खड़ी फसल जमीन में लेट गई है जबकि फसल कटने के लिए तैयार है। ओलावृष्टि से किसान परेशान हो गया है। खरीफ की फसल की चौपट हो जाने से अब किसानों को अपने बच्चे और बेटियों के हाथ पीले करने की चिंता सता रही है। वहीं किसानों ने बर्बाद हुई फसल का मुआवजा मांगा है।

# डिस्कस थ्रो में महोबा ने जीता गोल्ड

**प्रदेश स्तरीय खेलकूद**

कार्यालय संवाददाता, महोबा



गोल्ड मेडल पाने वाली छात्रा के साथ मौजूद अधिकारी।

**अमृत विचार।** सांई स्टेडियम लखनऊ में संपन्न हुई तीन दिवसीय 34वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में महोबा जनपद के एक जूनियर विद्यालय की छात्रा ने डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल करके जिले का नाम रोशन किया है। वहीं हमीरपुर जिले के जूनियर विद्यालय टिकरौली के छात्रों ने सिंगल डबल बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिल्वर जीतकर उपविजेता घोषित हुए।

विकासखंड जैतपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अरघटमऊ जैतपुर की कक्षा आठ की छात्रा काजल पुत्री फूलसिंह ने डिस्कस थ्रो में मंडलीय प्रतियोगिता में चयन होने के बाद प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रा ने 18 मंडल से आई छात्राओं को हराकर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर महोबा जिले का दबदबा कायम किया। प्रदेश में पहली दफा किसी छात्रा ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर पिछड़े जनपद महोबा की प्रदेश में अलग पहचान बनाई है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालय की इस छात्रा की कामयाबी पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजय कुमार मिश्रा सहित तमाम अधिकारियों और शिक्षकों ने छात्रा का उत्साह बढ़ाया।

जिले के कंपोजिट विद्यालय पसवारा की प्राइमरी विद्यालय की टीम ने खो-खो में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया, लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले ही विध्यांचल से हार गई। जूनियर विद्यालय पसवारा की खोखो टीम सेमीफाइनल में गोखरपुर से हार गई। जूनियर विद्यालय अरघटमऊ कबड्डी के सेमीफाइनल में गोरखपुर से हारी। बालक वर्ग के बैडमिंटन सिंगल में प्रिंस और डबल में प्रिंस और रेहान प्रदेश स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में उपविजेता घोषित हुए। जिले से प्रदेश स्तर पर आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता में टीमों को ले जाने वालों में जिला व्यायाम शिक्षक भूपेंद्र सिंह, मोहम्मद शफी, कृष्णकुमार, विनोद कुमार, खंड शिक्षाधिकारी कबरई अवनीश यादव और खंड शिक्षाधिकारी जैतपुर प्रवेश कुमार वाजपेई शामिल रहे।

# ऑनलाइन ठगी के मामले उजागर कर पुलिस ने 1.18 लाख वापस कराये

कार्यालय संवाददाता, महोबा





पीड़ित को रिफंड प्रमाणपत्र देती पुलिस।

- पुलिस अधीक्षक ने खुलासा करने वाली टीम का उत्साहवर्द्धन किया

**अमृत विचार।** ऑनलाइन ठगी करने के मामले को उजागर करने के साथ ही तीन लोगों के खातों से निकाली गई 1 लाख 18 हजार रुपये की रकम पुलिस ने खाते में वापस कराए हैं। पुलिस की इस कामयाबी से खाते में पैसा आने पर खाताधारक अत्यंत प्रसन्न हैं।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए अधिनस्तों को कड़े निर्देश दिए है। एसपी के निर्देश पर अमल करते हुए महोबा में पुलिस लाइन स्थित साइबर क्राइम थाना प्रभारी और उनकी टीम ने बीते दिनों चरखारी और कबरई के नागरिकों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ठगी करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अभियान चलाकर नागरिकों की पूरी की पूरी नकदी उनके बैंक खातों में वापस कराई गई है। नागरिकों को उनकी गायब हुई धनराशि मिलने पर वह खासा खुश हैं। जिले में आए दिन साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर अभियुक्तों द्वारा धोखाधड़ी की जा रही है। इसकी शिकायत पीड़ितों द्वारा पुलिस अधीक्षक से किए जाने पर एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम के निर्देशन पर पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने साइबर क्राइम करने वाले अभियुक्त की खोज कर पीड़ित के खाते में पैसा वापस कराया।

# शिक्षकों ने सीखे नई शिक्षा के गुर

**पनवाड़ी महोबा।** ब्लाक संसाधन केंद्र पनवाड़ी में निपुण भारत मिशन के तहत चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षिकों को प्रशिक्षण देकर नई तकनीक से शिक्षण कार्य कराए जाने के गुर सिखाए गए। शिक्षकों ने सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में शिक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि बच्चों को प्लान पर आधारित 2022 के अंतर्गत हमारी नई शिक्षा नीति को देना केवल एकडेमिक आधार ही नहीं बल्कि मानवीय सामाजिक रूप से दयालु मानवीय गुणों को विकसित करना मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य से समय समय पर अलग अलग विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

कार्यालय संवाददाता, महोबा





सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

- मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की कराई शुरुआत

**अमृत विचार।** शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाईस्कूल कबरई में बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव के मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा गीत संगीत के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम देखने के लिये छात्र छात्राओं के अभिभावकों सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चौधरी सागर सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन की गई। इसके बाद बच्चों ने भक्ति गीत पर आकर्षित प्रस्तुति दी। छात्रों द्वारा बुन्देलखण्ड की बुन्देली दिवारी नृत्य प्रस्तुति व छात्राओं ने केसरिया रंग गीत पर छात्रा निशा ने डांस कार्यक्रम प्रस्तुत किया, मेरे घर श्री राम आएंगे पुष्पा द्वारा प्रस्तुत किया गया, सोशल मीडिया पर बच्चों के भविष्य पर इन्ही छात्राओं ने सांस्कृतिक डांस कर अपनी नृत्यकला के रंग बिखेरे। वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम की शुरुआत कामनी, प्रिया, पलक, मंजू, ज्योति, आभा ने सरस्वती वंदना से की इसके बाद कान्हा का मिलेगा, सहित अन्य कार्यक्रम भी हुए जिसमें नित्या, राशि, यशि, सुधांशु धीरेन्द्र आदि भाग लिया।

कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व सहयोगी विद्यालय परिवार व रामकिशोर सिंह, मंयक तिवारी, गौरव पाण्डेय, राहुल, सुखराल सिंह, मुकेश, राजेन्द्र पालीवाल, बापू सर अंग्रेजी टीचर, धर्मेन्द्र, अमन, अरूण सहित सभी नगरवासी उपस्थिति रहे। अंत में कमेटी द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों में से विजेताओं के नाम घोषित किए और इसके बाद स्कूल के प्रबंधक राजू सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर होता रहना चाहिए, इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

**बोर्ड परीक्षा** — नकलविहीन परिक्षाएं संपन्न कराने के लिए विभाग ने कसी कमर, परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये के दिये निर्देश

# 32 परीक्षा केंद्रों में आज से कराई जाएगी परीक्षाएं, तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा



परीक्षा केंद्र में रोल नंबर देखते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रयागराज बोर्ड की 22 फरवरी से संचालित हो रहीं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परिक्षाओं की तैयारी को बुधवार को अंतिम रूप दे दिया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लान करके कक्षों को तैयार कर दिया गया है। डीआईओएस ने एक एक सेंटर में जाकर विद्यालयों की स्थिति और फर्नीचर व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिससे बोर्ड परीक्षा के दौरान परिक्षार्थी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो सके। बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए लिए जिले में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को सुबह 08:50 से 11:45 बजे और दूसरी पाली में 2 बजे से 05:15 बजे तक 32 परीक्षा केंद्रों में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संपन्न कराई जाएगी।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में इस दफा 22456 परीक्षार्थी सम्मिलत होंगे। नकलविहीन परीक्षाएं कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कमर कस ली है। बोर्ड परीक्षा को लेकर विभाग काफी गंभीर बना हुआ है। इस साल हाईस्कूल में 12225 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इसी तरह इंटरमीडिएट में 10231 बालक बालिकाएं सम्मिलत होंगे। इस दफा फरवरी में ही बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने से छात्र छात्राओं को पढ़ाई का समय कम मिल रहा है। फरवरी की शुरुआत में ही स्कूलों में पढ़ाई बंद हो गई है।

विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षा विभाग की टीम व्यवस्थाओं को देखने में बुधवार में सारा दिन जुटी रही, जिससे समय से पूर्व ही सारी व्यवस्थाओं को पूरा करा लिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारीलाल कोली ने बताया कि सभी विद्यालयों में फर्नीचरों की पर्याप्त व्यवस्था है, कुछ विद्यालयों में थोड़ा बहुत फर्नीचर कम होने पर उन विद्यालयों में फर्नीचर की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पूर्व में ही बना दिए गए हैं। अब बोर्ड परीक्षा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए जल्द ही सचल दल का गठन किया जाएगा, जो प्रत्येक परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर जायजा लेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षाक द्वारा परीक्षा केंद्रों का जायजा लेने के लिए बनाई गई टीमों द्वारा केंद्रों में जाकर फर्नीचर, बिजली, पानी, पंखों की व्यवस्था को देखने के अलावा परीक्षा केंद्रों में रैंप है के नहीं इसका भी जायजा लिया जा रहा है। जिन केंद्रों में रैंप नहीं होंगे वहां परीक्षा से पूर्व रैंप बनवाकर तैयार करा दिए जाएंगे।

### सीसी टीवी कैमरों की निगरानी में होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**महोबा।** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा कैमरों की नजर में होंगी। हर परिक्षार्थी की गतिविधियां सीसी टीवी कैमरे में कैद होगी, जिससे कोई भी परिक्षार्थी न तो नकल कर सकेगा और न ही इधर उधर ताकझांक कर सकेंगे। डीआईओएस ने बताया कि ज्यादातर परीक्षा केंद्रों में सीसी टीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिन केंद्रों पर सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था नहीं हैं वहां पर भी सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था कराई जा रही है, जिससे सभी परिक्षार्थी सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बोर्ड परीक्षा दे सके।

### परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों ने केंद्रों में देखा रोल नंबर

यूपी बोर्ड परीक्षा की शुरुआत होने से एक दिन पहले परीक्षार्थी अपने अपने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर सीटिंग प्लान के तहत अपना रोल नम्बर और सीट को तलाशते दिखाई दिए। परीक्षा केंद्रों में केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा बनाए गए कक्षों में शिक्षक और कर्मचारियों को लगाकर सुबह से ही सीटिंग प्लांन तैयार कराए गए थे। परीक्षा के दिन किसी भी तरह की असुविधा न हो इस गरज से परीक्षा के एक दिन पहले परीक्षार्थी अपने अपने सेंटरों में पहुंचकर रोल नंबर देखकर लौट आए, जिसके चलते परीक्षा केंद्रों में खासी सरगर्मी दिखाई दी।

# नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए दिए गए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित बैठक में कक्ष निरीक्षकों को सिखाए गुर

**अमृत विचार।** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा में लगाए गए कक्ष निरीक्षकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा सम्पन्न कराने के बावत दिशा निर्देश दिए गए है साथ ही उन्हें नकलविहीन परीक्षा कराने के भी गुर सिखाए गए।

जिले में बनाए गए 32 परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों ने अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों में कक्ष निरीक्षकों की बैठक कर उन्हें परीक्षा सम्पन्न कराने की बारीकियों से रुबरू कराया। केंद्र व्यवस्थापक ने नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराए जाने कि लिए कक्ष निरीक्षक तीन घंटे तक मुस्तैदी के साथ घूम फिरकर ड्यूटी करेंगे। कोई भी परीक्षार्थी नकल करता पकड़े जाने पर उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को एक दूसरे से बात करने की अनुमति नहीं है साथ ही कोई भी परीक्षार्थी, मोबाइल, स्मार्ट वाच, कैलकुलेटर आदि सामान लेकर केंद्रों पर प्रवेश नहीं करेगा।

कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करते समय किसी भी परीक्षार्थी को कुछ भी नहीं बताएगा। यदि किसी कक्ष निरीक्षक का कोई रिश्तेदार या करीबी उसी केंद्र पर परीक्षा दे रहा है तो कक्ष निरीक्षक इसकी जानकारी केंद्र व्यवस्थापक को देगा, जिससे उसकी ड्यूटी दूसरे कक्षों में लगाई जा सके।

# तेज बारिश के साथ 20-20 ग्राम के गिरे ओले

## फसलें तबाह होने से किसान चिंतित, कर्ज कहां से करेंगे अदा, रामलीला स्थगित, यज्ञ के पंडाल उड़े

कार्यालय संवाददाता, उरई


जालौन में हुई ओलावृष्टि। अमृत विचार


आंधी से गिरी फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीती रात तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। फसले बर्बाद हो गईं। कई जगह हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों के पंडाल उखड़ गए। बीती देर रात उरई शहर व आसपास 20-20 ग्राम के ओले गिरे।

बारिश व ओलाष्टि से राहिया, रगेदा, दौलत पुर, जलाल पुर, कुठौंदा, मोखरी, मुहम्मदाबाद, रिनिया समेत दर्जनों गांवों की फसलो का बड़ी तादात में नुकसान हुआ। कालपी तहसील के भदरेखी, मटरा, साधारा, हैदलपुर, आटा, इटौरा, परासन में खड़ी गेहूं की फसल खेतो में।गिर गई। खेतों में लगभग पकी खड़ी मटर,सरसो, मसूर,चना की फसलो में तकरीबन 40 फीसदी का नुकसान हो गया। जिससे किसानों की हालत दयनीय हो गई है। भदरेखी निवासी किसान श्याम सिंह, हैडल पुर निवासी विवेक सिंह व सधारा निवासी किसान रामलखन शर्मा ने बताया कि उन्होंने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया था। बैंक का कर्जा लेकर फसलों की जुताई बुआई की थी। बीज भंडार से कीमती बीज लाकर बोया था। ओलावृष्टि से फसल बर्बाद हो गई है।

अब परिवार के भरणपोषण के साथ बैंक कर्जा अदा करने की चिंता सता रही है। कालपी तहसील के परासन गांव चल रहे यज्ञ की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई। यज्ञ आयोजन के पंडाल उखड़ गए। जिससे यज्ञ आयोजन की शुरुआत से प्रत्येक रात्रि को होने वाला रामलीला का आयोजन नहीं हो सका। वहीं यज्ञ मेला मे बाहर के आए दुकानदारों की बांस के बने टट्टरों में संचालित दुकानें उड़ गई। लगभग दो दर्जन अस्थाई दुकानों का लाखो का सामान बारिश के पानी में भीग कर नष्ट हो गया। साथ ही कदोरा विकास खंड के खुटमिली,पाली, उदनपुर,बागी,में कुछ खेतो में कटी पड़ी मटर की लांक तेज हवा में उड़ गई।

बारिश के पानी से भीग कर नष्ट हो गई। किसान राजबहादुर ने बताया कि अर्किल फसल की बुवाई की थी। जिसकी हरी फलिया तोड़ने का काम खेत में चल रहा था, मगर पानी बरसने तथा ओला गिरने से फलिया तुड़ाई का कार्य बंद हो गया। पानी से लगभग 30 फीसदी हरी फलियों के सड़ जाने का अनुमान है।


जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार यादव ने बताया कि जनपद में जिन क्षेत्रों में कल मंगलवार की रात्रि में ओलावृष्टि हुई है।उस क्षेत्र के किसान कृषि विभाग के किसी भी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर सूचित करें। जिनकी फसलों के नुकसान का आंकलन राजस्व विभाग से कराकर उचित मुआवजा दिया जाएगा।ओलावृष्टि से जिन किसानों का फसल बीमा है,वह संबंधित बीमा कंपनी को सूचित करे। किसान क्रेडिट कार्ड धारक किसान संबंधित बैंक शाखा को भी फसल नुकसान की जानकारी दे।

–गौरव कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ को, सफल बनाने को लेकर बैठक

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


लोक अदालत को लेकर चर्चा करते न्यायाधीश अमृत विचार

- राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को
- अधिकारियों ने दिया सहयोग का आश्वासन

**अमृत विचार।** उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नौ मार्च को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में होना है। जिला पंचायत, प्रोबेशन, कार्यक्रम, कार्यक्रम, सूचना, रसद एवं खाद्य, श्रम एवं औषधी आदि विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ अपर जिला जज श्री महेन्द्र कुमार रावत ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि मान्नीय उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों मंर किया जाना है। इसमें जिला पंचायत, प्रोबेशन, कार्यक्रम, कार्यक्रम, सूचना, रसद एवं खाद्य, श्रम एवं औषधी से सम्बन्धित परिवाद सिविल वाद आदि विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमों-मामलों को नियत किया जाना है। इस सम्बन्ध में सभी विभागों के परिणामोन्मुखी व सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। इस पर सभी अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी डा.अमरेन्द्र पौत्स्यायन, सीडीपीओ विमलेश आर्या, जिला श्रम प्रतिनिधि रामवृक्ष, अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा जतिन कुमार सिंह, जिला पंचायत विभाग से राजस्व निरीक्षक भारत सिंह यादव, जिला पंचायत विभाग के प्रतिनिधि आशीष कुमार, अपर सूचना अधिकारी पंकज तिवारी, एवं जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी शिव सिंह आदि उपस्थित रहे।

## माधोगढ़ क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई

**माधोगढ़।** ब्लॉक परिसर के सभागार में क्षेत्र पंचाय विकास बोर्ड बैठक का आयोजन क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य ब डा घनश्याम अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में हुई, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष राहुल शाक्य की अध्यक्षता में किया गया।

बोर्ड बैठक में करीब पांच करोड़ के चकमार्ग और अन्य कार्यों के लिए कार्य प्रस्तावित किए गए।बोर्ड बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि सभी प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य मिलकर गांवों के अंतिम पायदान तक विकास कराएं। उन्होंने कहा कि काम सहयोग और सामंजस्य से अच्छे होते है। गांवों के विकास के कार्यों में गति लाई जाएगी। पात्र वंचितों को आवास दिलाएं।दूसरे की मदद कर मददगार बनें। डा घनश्याम अनुरागी ने कहा कि सभी गांवों और मजरों में एक जुट होकर विकास कराएं।

# दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** यौन शोषण का मुकदमा फर्जी पाया गया तो आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में महिला कर्मियों को दी गई।

जिला विधिक सेवा आयोग के सचिव एडीजे महेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण में शामिल जिले की कार्यरत महिला कर्मियों को आगाह किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी के खिलाफ फर्जी यौन शौषण का आरोप न लगाए और न किसी को लगाने दे। फर्जी यौन शौषण के आरोप के शिकार अधिकारियों, कर्मचारियों व आम जन के संरक्षण के लिए पॉश अधिनियम 2013 लागू किया गया है। इसके तहत फर्जी आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कठोर कार्यवाही का प्रावधान है। अपर जिला जज सीनियर डिविजन अर्पित सिंह ने पॉश अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी,उन्होंने बताया कि यौन शौषण,अश्लील हरकत,अश्लील चित्र दिखाना,अश्लील इशारा करना,अश्लील वीडियो बनाना, गलत नियत से छूना समेत कई अवांछनीयक्रियाओं को पॉश अधिनियम में शामिल किया गया है। प्रबंधक सखी वन स्टॉप सेंटर श्रीमती अंजना यादव ने अश्लील व अवांछनीय क्रिया कलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी,साथ ही वास्तविक यौन शोषण की शिकार महिलाओं के संरक्षण के लिए आईपीसी की धारा 376 में आरोपी पर आरोप सिद्ध होने पर कम से कम 1 साल व अधिकतम 5 साल की सजा का प्राविधान है, जिसे गैरजमानती अपराध माना गया है।

## रोजगार मेले का आयोजन

**उरई (जालौन)।** जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर उरई में आज बुधवार को एक दिवसीय रोजगार मेला व कॅरियर काउन्सिलिंग का आयोजन किया गया।

इस रोजगार मेले में देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों व नियोंजकों द्वारा टेक्नीकल एवं नान टेक्नीकल दोनों प्रकार के पदों हेतु अभ्यर्थियों की भर्ती के लिये सम्बन्धित कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार लिया गया। रोजगार सहायता अधिकारी भगवद नारायण ने बताया कि इस रोजगार मेले में एलआइसी, वर्धमान आटोटेक्सटाईल्स, प्रथम एजेशन फाण्डेशन प्रा लि० में 20 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें नियोजकों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 13 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अभ्यर्थियों का कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी।

# सर्वाधिक राजस्व देने वाले वैश्य समाज की उपेक्षा

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


7 लोक सभा में समुचित भागीदारी की मांग करते वैश्य समाज के नेता। अमृत विचार

- प्रदेश में 12 लोकसभा क्षेत्र वैश्य बाहुल्य, फिर भी दो ही हैं सांसद

**अमृत विचार।** जालौन ,उत्तर प्रदेश में 16% जनसंख्या वाला,सर्वाधिक राजस्व देने वाला साथ ही लाखों लोगों को रोजगार के साधन मुहैया कराने वालावैश्य समाज है ।

प्रदेश की 12 लोकसभा क्षेत्र वैश्य बाहुल्य हैं। इसके बावजूद वर्तमान में लोकसभा में उत्तर प्रदेश से मात्र दो ही सांसद हैं। वैश्य समाज को भागीदारी बढ़ाने के लिए, सामाजिक चेतना एवं राजनीतिक चेतना जागृत कर समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी होगी ।उपरोक्त विचार वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमन्त गुप्ता ने स्थानीय नटराज परिसर में प्रेस को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। डॉ गुप्ता आगामी 3 मार्च को कानपुर में आयोजित विशाल राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी के सिलसिले में जनपद में भ्रमण पर आए थे। डॉक्टर सुमन्त गुप्ता ने समाज के लोगों से अपील की वैवाहिक कार्यक्रमों में फिजूल खर्ची बंद करें ,उन्होंने प्रि वेडिंग मैरिज फोटोसूट व रात्रि विवाह पर भी समाज से पुनर्विचार करने की अपील की। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की लिव इन रिलेशनशिप को पूर्ण तया प्रतिबंधित कर दिया जाए । डॉ सुमन्त गुप्ता ने जीएसटी प्रणाली में भी विसंगतियों को दूर करने की सरकार से अपील की। उन्होंने कहा छोटे ,मध्यम व मंझले व्यापारियों को सर्वे, छापेसे मुक्त रखा जाए। डॉक्टर सुमन्त गुप्ता ने व्यापारी वृद्धावस्था पेंशन व्यापारियों को 65 वर्ष की आयु में देने की मांग की। उन्होंने रिटेल व्यापार में विदेशी कंपनियों के हस्तक्षेप को भी रोकने की मांग की। डॉ गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में घरेलू रिटेल व्यापार का 70% योगदान है ,विदेशी ब्रांडेड कंपनियां इस मार्केट पर कब्जा कर बड़े स्तर पर देश में बेरोजगारी की समस्या खड़ी करने का षड्यंत्र रच रही हैं। डॉ गुप्ता ने प्रेस वार्ता में नगर के सक्रिय कार्यकर्ता पवन अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, गौरव गुप्ता को प्रदेश महासचिव ,अखिलेश गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष ,विपुल अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष ,दीपक गुप्ता को जिला मीडिया प्रभारी ,अरुण पुरवार को संरक्षक ,संतोष पोरवाल को नगर अध्यक्ष तथा शिव कुमार गुप्ता को नगर महामंत्री मनोनीत किए जाने की घोषणा की।

डॉ. सुमन्त गुप्ता ने प्रेस वार्ता में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। डॉ सुमन्त गुप्ता ने सभी वैश्य बंधुओ से आगामी 3 मार्च को कानपुर में राष्ट्रीय अधिवेशन में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।


लखनऊ में भाजपा की सदस्यता लेते विजय चौधरी। अमृत विचार

## भाजपा में शामिल हुए विजय चौधरी

संवाददाता,जालौन

**अमृत विचार।** नगर पालिका उरई के अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने बीएसपी के टिकिट पर अपनी मां को नगर पालिका उरई की अध्यक्ष पद पर जीत दिलाई है। उन्होंने बसपा से त्यागपत्र दिया है।

इसके पहले स्वयं विजय चौधरी नगर पालिका उरई के अध्यक्ष रह चुके हैं। तकरीबन एक महीने से विजय चौधरी के भाजपा में शामिल होने की सुगबुगाहट थी। बुधवार को लखनऊ में भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते ही उन्होंने ब स पा का नीला झंडा उतार कर भगवा झंडा लहराया। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व प्रदेश स्तरीय कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

# बाइक रैली निकाल भाकियू ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उरई


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह।

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन की अगुवाई में फसलों की एम एस पी निर्धारण की मांग को लेकर शहर में बाइक रैली निकाली,जिसमे सैकड़ों बाइक शामिल होने से उरई शहर की यातायात व्यवस्था घंटो बाधित रही, राठ रोड स्थित गल्ला मंडी में जिले के कोने कोने से आए सैकड़ों बाइक सवार किसान इकट्ठा हुए,और सुबह 11 बजे से किसानों की बाइक रैली शुरू हुई।

सभी किसान हाथ में भाकियू का झंडा लिए थे और एम एस पी मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे, जिससे राठ रोड से स्टेसन रोड,से शहीद भगत सिंह चौराहा होकर बाइक रैली कलेक्ट्रेट पहुंची, भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव ने तकरीबन एक हजार किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को सम्बोधित 15 सूत्रीय मांगपत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा कलेक्ट्रेट में किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, भाकियू के जिलाध्यक्ष डा. द्विजेन्द्र सिंह निरंजन ने कहा कि मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखें, भोजन, दवाओं, कृषि इनपुट और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाएं, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में काफी कमी सरकार को करना चाहिए तथा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों, खिलाड़ियों को रेलवे द्वारा कोविड के बहाने वापस ली गई रियायतें बहाल की जाए।खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाया जाये तथा सभी के लिए मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी। नई शिक्षा नीति, 2020 को रद्द करें।सभी के लिए आवास सुनिश्चित करें तथा वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) का कड़ाई से कार्यान्वयन, वन (संरक्षण) अधिनियम, 2023 और जैव-विविधता अधिनियम और नियमों में संशोधन वापस लें जो केंद्र सरकार को नियासियों को सूचित किए बिना जंगल की निकासी की अनुमति देते हैं। जोतने वाले को भूमि सुनिश्चित करें।इस मौके पर प्रमुख रूप से, बृजेश राजपूत आदि रहे।

## सार-संक्षेप


मिष्ठान वितरित कर जश्न मनाते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

### आप नेताओं ने किया सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

**उरई (जालौन)।** आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न्यास संगत बताते हुए खुशी जताते हुए शहर के मच्छर चौराहे पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं केन्द्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया।इस मौके पर आप नेताओं ने कहा कि यह खबर सुनकर पूरे देश में सुप्रीम कोर्ट के प्रति देश की उम्मीदें बची हुई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रद्धा चौरसिया प्रांत उपाध्यक्ष बुंदेलखंड, विनय चौरसिया जिलाध्यक्ष, धीरेन्द्र चौधरी, दीपशिखा श्रीवास, गौरव चौधरी, उदय यादव, रसूल मुहम्मद, ओमप्रकाश यादव, शिवम यादव, दीपराज, संजय राठौर, मिथलेश सोनी, हर्षवर्धन, अभिषेक यादव, राजवीर सिंह, आशीष भाटिया, रमनसिंह राजावत सहित आदि आम आदमी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


पुस्कार वितरण करते केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा। अमृत विचार

### लोकल फॉर वोकल थीम पर युवा संसद

**उरई।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा नेहरु युवा केंद्र संगठन मुख्यालय के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र बोहदपुरा उरई के सभागार में नेहरु युवा केंद्र द्वारा पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाएं एवं लोकल फॉर वोकल थीम पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया। मंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा युवाओ के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिये भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ,जन धन योजना ,गरीब कल्याण योजना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाई जा रही हैं। भारत अब विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में भाग लेने की अपील की। ताकि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। तत्पश्चात अन्य वक्ताओं द्वारा थीम आधारित अपने विचार व्यक्त किए गए तथा प्रतिभागियों द्वारा इस विषय पर सम्बंधित रिसोर्स पर्सन डा0 गौरव यादव, डा0 श्रवण कुमार, डा0 नमो नारायण दीक्षित से प्रश्नों के माध्यम से जानकारी साझा की गयी। तत्पश्चात युवा संसद के रूप में पक्ष तथा विपक्ष में प्रतिभागियों द्वारा भूमिका अदा की गई स्पीकर का दायित्व संस्कृति गिरवासिया द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी रवि दत्त दीक्षित ने विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया।

उत्साह — लोगों ने खरीदारी कर उठाया मेले का लुत्फ

# नाबार्ड बसंत मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल

कार्यालय संवाददाता, उरई


दीप प्रज्ज्वलित करते डीएंम राजेश कुमार पांडे। अमृत विचार

- हर स्टॉल में अलग तरह का उत्पाद, डीएम ने खरीदारों को किया प्रेरित

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने टाउन हॉल के मैदान में नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाबार्ड बंसत मेला का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

उरई (जालौन)जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने टाउन हॉल के मैदान में नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाबार्ड बंसत मेला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने नाबार्ड बसंत मेले में विभिन्न प्रकार के उत्पादों का स्टॉल लगाया गया, जिसका जिलाधिकारी ने अवलोकन किया। खरीदारी कर रहे लोगों को भी प्रेरित किया। लोगों ने मेले में जरूरत की खरीदारी करने के साथ जमकर लुत्फ उठाया।

जिलाधिकारी ने नाबार्ड बसंत मेला की सराहना करते हुए कहा कि नाबार्ड का आजीविका मिशन के सहयोग से प्रदेश की महिलाओं को नई राह मिल रही है, जिससे कि महिलाएं अपने आप में अपना कार्य कर आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेले से महिलाओं का उत्साहवर्धन बढ़ता है, और अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं का नाम आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एक बेहतरीन प्लेटफार्म मिला है, जहां वह अपने समूह द्वारा बनाये गई उत्पादों का प्रदर्शन कर आर्थिक स्वावलंबन बन सशक्त होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेकानेक प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को बाजार में एक नई पहचान मिलेगी। स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टालों से जिलाधिकारी ने खरीदारी की, साथ ही उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नाबार्ड बसंत मेले में जरूर आए और महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखें और खरीदें और उत्साहवर्धन भी करें। महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर तो देश तरक्की की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड परितोष कुमार, अनुरागी संस्था अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह जादौन आदि सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर व्यवस्था चाक-चौबंद

कार्यालय संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** कालपी क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा आज से, चाक-चौबंद इंतजाम गुरूवार से वोर्ड परीक्षाए शुरू हो जाएगी। इसके लिए कालपी नगर के दो विद्यालयो को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमे इन्टर में 462 तो हाईस्कूल में 624 परीक्षार्थी परीक्षा देगे। 22 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल व इन्टर की वोर्ड परीक्षा के लिए नगर में एम एस वी इन्टर कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विभागीय सूत्रो की माने तो परीक्षाओ को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए है, जिसके तहत परीक्षा केंद्र की चहारदीवारी एवं कमरो में सी सी टी वी कैमरे लगवाए गए है, सँसाधनो के अनुसार ही परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियो की सँख्या तय की गयी है। जिसके अनुसार एम एस वी इन्टर कालेज में हाईस्कूल में 450 और इन्टर में 234 छात्र छात्राओं को परीक्षा देना है

इसके अलावा नगर स्थित नगरपालिका बालिका इन्टर कालेज में 174 परीक्षार्थी हाईस्कूल में तो 234 परीक्षार्थी इन्टर की परीक्षा देगे। नकल रोकने के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं जिसमे आन्तरिक उडनदस्ता के साथ क्षेत्र एवं जिलास्तर पर भी छापामार दल की व्यवस्था है साथ ही उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल भी इस व्यवस्था पर नजर रखेँगे। वही क्षेत्र के पचँवती विद्यालय शेखपुर गुढा को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से सभी परीक्षा केन्द्रो पर पुलिस को भी तैनात किया जाएगा। एसडीएम हेमन्त पटेल के अनुसार परीक्षा नकलविहीन कराने के लिए कड़े प्रबन्ध किए गए हैं।

# हाईटेक इंतजाम के बीच आज से यूपी बोर्ड परीक्षा

## जनपद में बने 117 परीक्षा केंद्रों में 10 संवेदनशील, हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट के छात्र-छात्राएं देंगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** वर्ष 2024 की यूपी बोर्ड परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए शासनादेश के तहत विभाग ने मुक्कमल तैयारी की है। जिले में कुल 117 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की उपस्थिति में परीक्षाएं कराई जाएंगी। इनमें से प्रशासन ने 10 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा है। हालांकि प्रशासन की नजर में इस बार कोई भी केन्द्र अति संवेदनशील नहीं हैं। नकल रोकने के लिए विभाग 30 सचल दल और 117 केन्द्रों में वाहय केन्द्र व्यवस्थापक की व्यवस्था की गई है।

हाईस्कूल में 38182 विद्यार्थी संस्थागत व 143 व्यक्तिगत परीक्षा देंगे। वहीं कक्षा 12 में 29449 संस्थागत व 2324 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। दोनों में कुल 67631 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान इस बार 30 सचल दल परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण करेंगे। घूम-घूमकर छात्रों की तलाशी लेंगे। परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाएं परखेंगे। वहीं 40 परीक्षार्थियों पर दो कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे। जो परीक्षा के दौरान उनकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

**अच्छे अंकों के लिए टाइमटेबल से करें तैयारी: फतेहपुर।** बोर्ड परीक्षाओं को लेकर 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं अच्छे अंक पाने की जददोजहद कर रहे हैं। परीक्षा में सफलता के लिए सभी छात्र-छात्राएं पूरे मन से तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों की राय परीक्षा में बेहतर सफलता के लिए काफी सहायक सिद्ध होती है। विशेषज्ञों की मानें, तो टाइमटेबिल बनाकर यदि बोर्ड परीक्षा की तैयारी की जाए, तो यह काफी सहायक सिद्ध होती है।

राजकीय इंटर कालेज के निवर्तमान प्रधानाचार्य उदय प्रभात ने बताया कि बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। परीक्षा परिणाम पर ही हमारा आगे का भविष्य निर्भर होता है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा के बाद हम यह तय कर सकते हैं कि आर्ट, कॉमर्स या विज्ञान आदि कौने से फील्ड में जाना है। इसके साथ ही जॉब के समय हमारे रिजियूम में 10वीं का रिजल्ट देखा जाता है। बोर्ड परीक्षा इतनी कठिन नहीं होती, जितना छात्र समझते हैं। बताया बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय परफार्मेंस एनालिसिस करना बहुत ही जरूरी है। इससे पता चलता है कि आपको कौन से सबजेक्ट में कितना समय लग रहा है और साथ ही कौन से विषय आपको कठिन लग रहा है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने के लिए पिछले साल के पेपर साल्व कर सकते हैं। इसके साथ ही रिवीजन सबसे अहम होता है।

यूपी बोर्ड

### दो पालियों में होगी परीक्षाएं

बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक हाईस्कूल की परीक्षा आयोजित होगी। इसी तरह से द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से 5.15 बजे तक इंटरमीडियट की परीक्षा सम्पन्न होंगी।

- विषय विशेषज्ञ बोर्ड परीक्षार्थियों को दे रहे टिप्स
- आज से शुरु हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

### नामित मजिस्ट्रेट एवं कक्ष निरीक्षकों को मिले निर्देश

बोर्ड परीक्षा की पूर्व संध्या पर डीआईओएस सभी नामित स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को शुचिता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र के लिए नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी के साथ निभाएं। जिससे परीक्षाएं शांतिपूर्वक नकल विहीन सम्पन्न कराई जा सकें।

### गहन तलाशी के बाद मिलेगा केन्द्र में प्रवेश

सभी केन्द्रों में प्रवेश के पूर्व गेट पर तलाशी ली जाएगी। छात्रों की तलाशी के लिए पुरुष शिक्षक तो छात्राओं की तालाशी के लिए महिला शिक्षिका को अनिवार्य किया गया है। बीते वर्ष की तरह इस बार परीक्षार्थियों को कक्ष के बाहर जूता-चप्पल नहीं उतरवाए जाएंगे।

"तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी केन्द्रों में प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। गुरुवार से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। नकल नहीं होने दी जाएगी। मुख्यालय एवं राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से सभी केन्द्रों की ऑनलाइन निगरानी होगी।

-शिवपूजन द्विवेदी, डीआईओएस

**02** पाली में कराई जाएगी परीक्षा

### इन बातों का रखे ध्यान

- सबसे पहले अपने लिखने का तरीका बदलें।
- अपनी हैंडराइटिंग पर ध्यान दें, अच्छी हैंडराइटिंग में लिखे।
- बोर्ड का पेपर साथ रखें, पेपर में किसी प्रकार का चिन्ह न बनाएं।
- उत्तर को अलग-अलग हेडिंग में बांट दें।
- डायग्राम को अच्छे से बनाएं और उसका नाम लिखें।
- बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय अपने नोट्स खुद ही बनाएं।

# ट्रेन में किशोरी की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

**फतेहपुर।** नई दिल्ली से हावड़ा जा रही नान स्टाप पूर्वा एक्सप्रेस में किशोरी की हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए ट्रेन रोकी गई पर रेलवे डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने शव कब्जे में लिया है।

बिहार प्रांत के गया के गुरुवा निवासी धनेश्वर की 14 वर्षीय पुत्री ज्योति अपनी बहन व बहनोई के साथ पूर्वा एक्सप्रेस से बनारस जा रही थी। वह कोच संख्या एस-6 पर सफर कर रही थी। ट्रेन के कानपुर से निकलते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिस पर कंट्रोल को सूचना दी गई। सूचना पर नानस्टाप ट्रेन को फतेहपुर में आधी रात साढ़े 12 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर रोका रेलवे डाक्टर अल्ताफ ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। बहन प्रीति, प्रियंका व बहनोई शैलेंद्र निवासी बेवर मैनपुरी ने बताया कि ज्योति क्षय रोग से पीड़ित थी। प्रभारी थानाध्यक्ष जीआरपी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। ट्रेन 15 मिनट बाद 12:46 वजे रवाना कर दी गई।

## सार-संक्षेप

### उरौली खदान में धड़ल्ले से चल रहीं पोकलैंड मशीनें

**फतेहपुर।** खनन के कार्यों में धड़ल्ले से नियम टूट रहे हैं, लेकिन किसी भी विभाग को नियम टूटते दिख नहीं रहे। खनन एजेंसियों के हौसले इतने बुलंद है कि अब वह यमुना नदी में 30 से 40 फीट गहराई से मोरंग खनन कर रहे हैं। उरौली खदान में जहां लगातार पोकलैंड मशीनें खनन करने में जुटी हैं और वहीं पर नदी का स्वरूप भी बदलने की कगार पर है। नियम के अनुसार यमुना नदी के बहाव में बाधा नहीं पहुंचाई जा सकती। जिसको लेकर एनजीटी सख्त है। कई बार सख्त कार्रवाई भी हुई। सिचाई विभाग को इस पर कार्रवाई करनी होती है। उरौली घाट पर खनन एजेंसी लगातार हैवी बूम की पोकलैण्ड मशीनों से खनन किया जा रहा है। फिलहाल यमुना नदी में पानी का स्तर कम है, लेकिन वहीं स्टाक लगने से रास्ता बाधित होता है। ऐसे में अगर अचानक से पानी आ जाए तो इतने स्टाक को एकदम से उठाया नहीं जा सकता। जिससे जलधारा बाधित होगी और नियम की अवहेलना भी साफ दिखाई देगी। खनन एजेंसियां लगातार नियम तोड़ रही है। खनन एरिया से बाहर जाकर खनन किया जा रहा है। अब यमुना नदी के बीचोबीच खनन हो रहा है। इतना ही नहीं आसपास खनन के चक्कर में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे तक हो गए हैं। अधिकारियों का रवैया ऐसा है कि वह कोई कार्रवाई करना ही नहीं चाहते। क्षेत्र के लोग फोन पर जानकारी देते हैं तो फोन उठाना ही मुनासिब नहीं समझते। अगर लिखित में शिकायत दी जाती है तो उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

### पुलिस की गश्त पर उठे सवाल, चोरों के हौसले बुलंद

**फतेहपुर।** पुलिस की शिथिल कार्यशैली के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। जिससे चोर रोजाना कहीं न कहीं सेंध लगा रहे हैं और लाखों का माल पर कर देते हैं। सोमवार की रात कल्यानपुर क्षेत्र के साई गांव में चोरी की घटना के बाद पुलिस पूरी तरह से शांत बैठी है। न ही चोरों का पता लगा सकी और न ही माल बरामद हो सका है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के साई गांव निवासी शिवशंकर तिवारी ने मंगलवार को बताया था कि सोमवार की रात उसके बेटे राजकिशोर तिवारी का घर सूना पड़ा था। सभी लोग कहीं बाहर गए थे। इसी दौरान रात में चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर हजारों का माल पार कर दिया था। मामले की तहरीर लेने के बाद पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया था। लेकिन दूसरे दिन बुधवार को पुलिस ने मामले में कोई काम नहीं किया और न ही किसी तरह की कोई कार्यवाही की। बता दें कि घर से दो टीवी, आठ दीवार घड़ियां, 25 नए कम्बल, इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर समेत चोरी हो गया था। यह कोई पहली चोरी नहीं, बल्कि आयदिन चोरी घटनाओं को चोर अंजाम दे रहे हैं लेकिन पुलिस की कार्यवाही न होने से चोरों के हौंसले बुलंद हैं। वहीं थानाप्रभारी का कहना है कि क्षेत्र में जो चोरी की घटनाएं हो रही हैं। चोरों को ढुढ़ने में पुलिस लगी हुई है।

# अवैध कब्जेदारों पर गरजा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** तहसील बिंदकी क्षेत्र के कंशमीरीपुर गांव के तालाबी सीमा पर अवैध ढंग से कब्जा करके निर्माण कराये जाने का मामला प्रशासन के समक्ष पहुंचा था। प्रशासन ने कब्जेदार को नोटिस जारी कर अतिक्रमण खुद से हटा लेने की चेतावनी जारी की थी लेकिन खाली करने में हीलाहवाली की गई।

बुधवार को बिंदकी प्रशासन राजस्व टीम के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। कंशमीरीपुर गांव के मंजूर द्वारा पिछले माह तालाबी सीमा के रकवे पर अवैध ढंग से कब्जा करके बाउंड्री निर्माण कराई गई। कब्जे दावेदारी को लेकर पड़ोसी द्वारा विरोध किया गया और मामला बकेवर थाना पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने मामले का निस्तारण राजस्व टीम से कराये जाने का भरोसा दिया। मौके की जांच कर हल्का लेखपाल ने अवैध कब्जे की रिपोर्ट आलाधिकारियों को सौंपी थी। करीब दस दिनों पूर्व नायब तहसीलदार अमरेंद्र राजस्व टीम के साथ मौके पर जांच की और कब्जेदार मंजूर को अतिक्रमण खुद से हटा लेने की चेतावनी देते हुए लिखित भी लिया गया। अतिक्रमण नहीं हटाये जाने पर बुधवार को अफसर राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुलडोजर से अतिक्रमण का ढहा दिया गया।

बुलडोजर की कार्यवाही के समय कुछ लोग अतिक्रमणकारी के समर्थन में आ गए और पास में रखे छप्पर कब्जेदार का खुलकर विरोध करने लगे तब प्रशासन ने उसे भी जेसीबी से तोड़ दिया। इस कार्यवाही के बाद से गांव के अन्य अवैध कब्जेदारों में बेचैनी देखी गई जो प्रशासन की रडार की कार्यवाही से अभी बाहर है।



अवैध कब्जे में चलाया गया बुलडोजर। अमृत विचार

# पुरानी रंजिश में भाजपा नेता को पीटा

**फतेहपुर।** पुरानी खुन्नस के चलते बीजेपी नेता के साथ मारपीट की गई। मामले में आठ लोगों के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कृष्ण बिहारी नगर निवासी मोहम्मद शाहिद बीजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता हैं। उन्होंने बताया कि मोटे महादेवन की गली के पास नमो एप के बारे में लोगों को जागरूक कर रहा था।

इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आमिर खान अपने भाई अनीस खान, सलमान खान व पन्नू खान, रईस अहमद खान व तीन अन्य लोग आए। उसके साथ गाली गलौज कर मोबाइल तोड़ दिया। उसके साथ मारपीट की। आसपास के लोग बचाव को आए और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# संस्थानों में पार्किंग न होने से शहर रहता जाम

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी के साथ ही वाहनों की संख्या भी दोगुनी हो रही है। पहले वाहनों की तादाद बेहद कम थी, इस कारण पार्किंग की कोई दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन अब शहर में हर कहीं वाहन खड़े नजर आते हैं, जिससे न सिर्फ आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि लोगों को बार-बार जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके बाद भी पूरे शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

**19 बैंक शाखाएं पार्किंग किसी के पास नहीं:** शहर में डेढ़ दर्जन से भी अधिक स्थानों पर बैंक संचालित हो रहे हैं। लेकिन किसी भी बैंक द्वारा पार्किंग के लिए खुद की जगह उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में लोगों द्वारा बैंक के बाहर ही सड़क पर अपने वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**करोड़ों खर्च के बावजूद पार्किंग क्यों नहीं?:** शहर में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि चाहे बाजार हो या फिर सरकारी शापिंग काम्प्लेक्स, बैंक हो। इन सभी जगहों पर सड़क के किनारे पर ही मजबूरन लोगों को अपने वाहन खड़े करना पड़ते हैं। सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण एवं संचालन के लिए करोड़ों रुपए तो खर्च हो जाते हैं, लेकिन पार्किंग व्यवस्था को जरा भी तवज्जो नहीं देते हैं। इससे ट्रैफिक व्यवस्था पर भारी असर पड़ता है।



कुछ इस तरह से रहती शहर की सड़कों में जाम की स्थिति। अमृत विचार

### नर्सिंग होम और मॉल के सामने खड़े हो रहे वाहन

ऐसा नहीं है कि किसी कामर्शियल भवन का नक्शा पास होने के समय पार्किंग शामिल नहीं होती। नक्शे में पार्किंग होने के बावजूद भवन निर्माण के बाद पार्किंग स्थल गायब हो जाता है। मौजूदा समय में शहर में आधा सैकड़ा से अधिक प्राइवेट नर्सिंग होम और शापिंग मॉल संचालित हो रहे हैं लेकिन एक भी संस्थान के पास पार्किंग के लिए अपनी जगह नहीं है।

- बैंक से लेकर शापिंग मॉल के बाहर खड़े रहते हैं वाहन
- शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं, शहरी परेशान

### मुनादी का नहीं हो रहा है असर

नगर पालिका द्वारा समय-समय पर निर्देश दिए जाते हैं कि सड़क पर अपने वाहन खड़ा न करें और दुकानदार अपना सामान अपनी ही हद में रखें। लेकिन इसके बाद भी दुकानदारों व वाहन चालकों पर कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। वाहन चालक अपना वाहन सड़क पर खड़ा करके अपने काम के लिए बैंक बाजारों में चले जाते हैं और घंटों वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। जिसके चलते भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी पत्नी को पीट कर निकाला

संवाददाता फतेहपुर

- पीड़िता की तहरीर पर छह ससुरालियो पर रिपोर्ट दर्ज
- दहेज में दस लाख रुपये की मांग करने का आरोप

**अमृत विचार।** मलवां ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी महिला ने समकक्ष पद पर तैनात पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ प्रताड़ना और घर से निकालने का मामला दर्ज कराया है। ससुरालियों पर दस लाख रुपये दहेज की मांग का आरोप लगाया है।

अमेठी जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकनमापी निवासी राजकुमार की पुत्री रश्मि ग्राम पंचायत अधिकारी है। उसकी शादी 2019 में राधानगर क्षेत्र के खुशवक्तरायनगर निवासी शुभम पांडेय के साथ हुई थी। मलवां ब्लाक में शुभम ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। रश्मि ने बताया कि वह भी अमेठी में कार्यरत थी। छुट्टी लेकर ससुराल आती-जाती थी। पति शुभम, ससुर अनिल, सास मनोजा देवी, ननद प्रीती दहेज में दस लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। उसने एक पुत्री आदित्री को मायके में जन्म दिया। वह मातृत्व अवकाश पर ससुराल आई। पुत्री के जन्म को लेकर ताने देने लगे।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद की सजा

**फतेहपुर।** शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को दस वर्ष कैद और छह हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनाई। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र भदौरिया ने बताया कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को हसऊपुर निवासी जितेंद्र सिंह 14 अक्टूबर 2015 को शादी का झांसा देकर अगवा कर दिल्ली ले गया था। युवक ने वहां किराये पर कमरा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो माह बाद किशोरी को सकुशल बरामद किया था।

# युवाओं ने निकाली जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बाइक व चार पहिया वाहनों से नगर भ्रमण कर लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक किया
- कहा गया कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे

**अमृत विचार।** भारतीय युवा सभा द्वारा बिंदकी नगर में वाहन जागरूकता रैली निकाली मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदान करने की लोगों से अपील भी की गई।

बिंदकी नगर में भारतीय युवा सभा के तत्वाधान में युवाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। भाजपा नेत्री संगीता तिवारी, राहुल द्विवेदी सहित करीब एक सैकड़ा लोगों ने दो, चार पहिया वाहन से मुख्य मार्ग तहसील रोड, नगर के बाजार बजाजा गली, फाटक बाजार, खजुहा रोड में रैली निकाली गई। इस दौरान कहा गया कि भविष्य का विधाता होता है मतदाता। बताया गया 18 साल या इससे अधिक आयु के लोगों को मतदान करने का अधिकार है। हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे। वोट देना राष्ट्र के प्रति परम कर्तव्य है।



जागरुकता रैली निकाल मतदान की अपील। अमृत विचार

# आवास का दरवाजा चुनवाने की शिकायत

**फतेहपुर।** पीएम आवास योजना के तहत मिली कालोनी के दरवाजे को नायब तहसीलदार ने भारी फ़ोर्स की मौजूदगी में ईंटो से चुनवा दिया। मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने तहसील दिवस में की हैं।

जहानाबाद क्षेत्र के जलालपुर निवासी शेर अली ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पीएम आवास योजना के तहत उसे आवास मिला था। 2023 में प्रधान और पड़ोसियों से पूछकर कालोनी का दरवाजा बगल से निकले खड़ंजे की तरफ खोला था। वह अपने बच्चों संग उसी आवास में रह रहा था। सोमवार को नायब तहसीलदार जहानाबाद, बकेवर और अन्य थानो की भारी फ़ोर्स के साथ उसके मकान पर पहुंचे। टीम ने बिना स्थलीय पैमाइश किए जबरन कालोनी के दरवाजे को पक्की चुनवाई कराकर बंद करा दिया।

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक- 3093/15-1/कानपुर दिनांक 21.02.2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर के बिल्हौर रेंज के अन्तर्गत नानामऊ वन विश्राम भवन जीर्णोद्धार हेतु निविदा दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर दीनदयाल नगर, कानपुर नगर में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट, हाथोहाथ (बाईहैण्ड) प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ पैनकार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति तथा कार्य की अनुमानित लागत (समस्त करो सहित) की बन्धक धनराशि F.D.R./T.D.R, के रूप में तदोपरान्त स्वीकृत निविदादाता को कार्यादेश निर्गत होने के 03 दिवसों के अन्दर शेष बन्धक धनराशि F.D.R/T.D.R, के रूप में तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य जो कि DIVISIONAL DIRECTOR SOCIAL FORESTRY KANPUR के नाम से जमा की जायेगी। निविदा दिनांक 24.02 2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक क्रय की जा सकती है।

दिव्या
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

## बढ़ रही बीमारी

सदर अस्पताल में खांसी, जुकाम व बुखार के लगातार बढ़ रहे मरीज, बुधवार को इलाज के लिए एक हजार से अधिक बने पर्चे

# सुबह-शाम सर्दी व दोपहर में गर्म मौसम बिगाड़ रहा सेहत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बदलते मौसम में लोग तेज बुखार, खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टरों ने बताया कि बदलते मौसम में खान-पान में लापरवाही सेहत बिगाड़ रही है।

डॉक्टरों ने खाने में विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ लेने की सलाह दी है। दिन में लोग हाफ शर्ट और टी-शर्ट में भी दिखायी देने लगे हैं। जबकि सुबह शाम जो मौसम ठंडा है उससे बचने के लिए ठीक से गर्म कपड़े नहीं पहने जा रहे हैं जिससे सेहत को चोट पहुंच रही है। वहीं भीड़ के चलते ओपीडी में बीमारों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह- शाम सर्दी और दिन में गर्मी लोगों की सेहत बिगाड़ रही है। जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस समय संक्रामक बीमारियों से पीड़ित रोजाना औसतन एक हजार मरीज पहुंच रहे हैं। सुबह 8.30 बजे के बाद से पर्चा काउंटर पर बीमारों की भीड़ बढ़नी शुरू हो जाती है जो दोपहर 1 बजे तक खूब रहती है। जो लोग सुबह जल्द आकर पर्चा बनवा लेते हैं वह कक्ष के बाहर आकर डॉक्टर का इंतजार करते हैं। कई मरीज तो दर्द से कराहते हुये भी नजर आते हैं। शहर के गढ़ीवा निवासी अर्जुन सिंह ने बताया कि बुखार की दवा लेने वह सुबह नौ बजे अस्पताल में आये और दवा एक घंटे के इंतजार के बाद मिल पायी।

पहले पर्चा बनवाने में समय लगा। बाद में डॉक्टर के पास पहुंच गये। इसी तरह हसवा के रहने वाले बृजेन्द्र पाल ने बताया कि खांसी के साथ गले में इन्फेक्शन है। दवा लेने आये थे। डेढ़ घंटे परेशान होने के बाद इलाज मिला। सबसे ज्यादा टाइम पर्चा बनवाने में चला गया। इस तरह से यहां और मरीज भी परेशान होते हुये नजर आये।



अस्पताल में कम नहीं हो रही मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेहत की जानकारी

**फतेहपुर।** जल्द ही धरती के भगवान कहे जाने वाले डाक्टर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मिलेंगे। दरअसल, शासन की ओर से अब हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया जा रहा है। शासन की ओर से जिलाधिकारी के पास पत्र भेजा जा चुका है। ईश्वर के बाद डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है। डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिए जाने के बाद अब केंद्र सरकार ने आयुष अस्पतालों का नाम बदलने का निर्णय लिया है। शासन के निर्देश पर जल्द ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर कहे जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से नाम बदलने को लेकर प्रदेशों को पत्र भेजा गया था। शासन के निर्देश के बाद स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही इन अस्पतालों के नाम बदलकर कर्रिवाई शुरू हो जाएगी। एसीएमओ डा इस्तियाक अहमद ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के नाम बदले जा रहे हैं। जनपद में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालित हैं। सभी पर जांच, योगा के अलावा सभी दवाएं उपलब्ध हैं। बताया कि आयुष्मान भारत योजना को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किए जा रहे हैं। एबी एचडब्ल्यूसी की नई टैगलाइन आरोग्यम परम धनम होगी। वैलनेस सेंटर पर एनएचएम यानि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का लोगो बना रहेगा। जल्द ही नाम बदलने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### ओपीडी से लेकर पर्चा काउंटर तक भीड़

ओपीडी में डॉक्टर कक्ष से लेकर पर्चा कांउटर तक भीड़ थी। फिजीशियन की इमरजेंसी डयूटी थी। इसके चलते इस रोग की बीमारी की दवा लेने आये रोगियों को इलाज के लिए भटकना पड़ा जिन्हें पता चल गया कि डॉक्टर इमरजेंसी में है तो कई मरीज दवा लेने के लिए वहां पहुंच गये। नेत्र रोग विशेषज्ञ के यहां मरीजों की लाइन लगी थी। ऐसे में यहां पर भी मरीजों की भीड़ थी। सबसे ज्यादा भीड़ हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास थी। हृदय रोग के डॉक्टर समय से ओपीडी में नहीं बैठते है जिससे बीमारों को भटकना पड़ता है। मौसमी बीमारी के मरीज फिजीशियन के पास बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर

पत्रांक- 3093/15-1/कानपुर दिनांक 21.02.2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर के कानपुर रेंज के अन्तर्गत सारंग वन विश्राम भवन जीर्णोद्धार हेतु निविदा दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, कानपुर दीनदयाल नगर, कानपुर नगर में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट, हाथोहाथ (बाईहैण्ड) प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदादाता को निविदा के साथ पैनकार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति तथा कार्य की अनुमानित लागत (समस्त करो सहित) की बन्धक धनराशि F.D.R./T.D.R, के रूप में तदोपरान्त स्वीकृत निविदादाता को कार्यादेश निर्गत होने के 03 दिवसों के अन्दर शेष बन्धक धनराशि F.D.R./T.D.R, के रूप में तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य जो कि DIVISIONAL DIRECTOR SOCIAL FORESTRY KANPUR के नाम से जमा की जायेगी। निविदा दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक क्रय की जा सकती है।

दिव्या
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

# सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है, लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

**छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।**

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था, जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था, लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं, पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं, नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

## प्रसंगवश

# न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है, लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है, उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल, हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार, तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है, लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों, राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है, लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है, लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने, परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस, पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है, इंतजार करती है, लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

# भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

**नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।**

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं, धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए, उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया, बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन, पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत, कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है, क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए, लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं, लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है, उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं, वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी, आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

## सोशल फोरम

# गुलजार और ज्ञानपीठ

आदमी परंपरा से ग्रहण करता है और उसमें अपनी तरफ से कुछ जोड़ता भी है, जो वह जोड़ता है, वह उसकी देन है। इसकी कद्र होनी चाहिए। मिसाल हैं शेक्सपियर, जिन्होंने अपनी सारी कहानियां अपने पूर्ववर्ती रचनाकारों से लीं, लेकिन उन कहानियों के माध्यम से मानव मनोविज्ञान का और जीवन तथा जगत की समस्याओं का इतना गहन और सम्यक विश्लेषण किया कि वे आज अंग्रेजी साहित्य के, बल्कि विश्व साहित्य के, महानतम नाटककार के रूप में समादृत हैं।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी तरह से, वाल्मीकि ने अपनी रामायण लिखी, बाद में इस रामायण को और राम कथा को आधार बनाकर दर्जनों कृतियों की रचना हुई और उन सभी कृतियों का अपने आप में महत्व है। इधर चर्चा चल पड़ी है कि गुलजार ने अपने बहुतेरे गीतों की पंक्तियों को यहां वहां से लिया है, (कुछ लोगों के अनुसार 'चुराया' है)। दूसरे लेखकों के विचारों या पंक्तियों को अपनी रचना में स्थान देना या प्रयोग करना एक सुनियोजित सिद्धांत और सोच के चलते भी होता है। इसमें कोई बुरी बात भी नहीं है। असली बात यह देखना है कि रचनाकार ने अपनी तरफ से इसमें क्या जोड़ा? गुलजार ने अगर अपनी रचनाओं में यहां वहां से पंक्तियां ली हैं तो यह साहित्यिक रचना-प्रक्रिया का स्वाभाविक अंग माना जाना चाहिए, न कि इसे नकल या चोरी कहना चाहिए। इस तरह की बातें उनके ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ही इधर शुरू हुई हैं, पहले मैंने कभी नहीं सुना। भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी असहमति और विरोध को किसी सम्मानित लेखक के खिलाफ ले जाना कहां तक वांछित है।

चर्चा को यही तक सीमित रख रहा हूं, क्योंकि गुलजार को मैंने लगभग नहीं के बराबर पढ़ा है। विशेष परिचय तो उनको पढ़ने वाले ही दे सकते हैं। बॉब डायलन को अगर नोबेल प्राइज मिल सकता है तो गुलजार को ज्ञानपीठ क्यों नहीं? वैसे भी चुनावों का मौसम है। इस साल इतने सारे भारत रत्न पैदा हुए हैं तो बहुत सारे ज्ञानपीठ लेखक भी पैदा हो सकते हैं। कौन जाने दो चार दिन बाद कुछ और लोगों के नाम घोषित हो जाए। शैलेंद्र और साहिर दो इसके सबसे बड़े हकदार हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या थे वे दिन, गीतमाला वाले

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि 'कुछ तो हुआ होग'। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रात वाला हवाई हमला, इत्यादि।

उस रात (दिसंबर, 1966) दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा, मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था : 'सिटी डायरी' के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था छाप दीजिएगा'। खोजकर मैंने उन्हें बताया कि आइटम दे दिया है। उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया : 'आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है'। वे थे अमीन सयानी। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते-बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। 'भाइयों और बहनों,' अमीन सयानी...।' उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों! एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह 'ऑल इंडिया रेडियो' के मुंबई के स्टूडियो में अमीन सयानी के पास ऑडिशन देने भी गए थे। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था, क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानी जी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ कि 'जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था।'



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया, लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय लें, फिर आएं।' हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीतमाला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। विविध भारती की जो चमक रही है, उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गए कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

# अब संकल्प दिवस की आस

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने के बाद संसदीय संकल्प पूरा होने की आस बढ़ गई है। भारत की जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नीति के संदर्भ में भारतीय संसद द्वारा 22 फरवरी 1994 को पारित प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेज है।

इसके अनुसार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा, जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। सदन का मानना है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को हथियारों और धन की आपूर्ति के साथ-साथ आतंकियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद दी जा रही है। सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हर संभव प्रयास करेगा। भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हो और मांग करता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को खाली करे, जिसे उसने कब्जाया हुआ है। 22 फरवरी के संकल्प की भारतीय संसद को आवश्यकता क्यों पड़ी, इसके लिए पाकिस्तान अधिक्रांत भूभाग की स्थिति को समझना आवश्यक है। पाक अधिकृत भूभाग के लोग बार-बार अपने साथ उत्पीड़न की घटनाओं को विभिन्न माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखते रहे थे। पाकिस्तान की सेना पश्चिमी ताकतों के इशारे पर वहां के खनिज और प्राकृतिक संपदा का निरंतर दोहन कर रही है। वहां न सिर्फ भौगोलिक स्थिति से छेड़छाड़ की जा रही है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी अस्त व्यस्त किया जा रहा है। यदि इतिहास में लौटें तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद कमजोर हो चुके ब्रिटिश अब ज्यादा समय भारत को अपने आधीन रखने की स्थिति में नहीं थे। ब्रिटेन के साथ उसका सहयोगी अमेरिका अपनी जर्जर हो चुकी आर्थिक व्यवस्था के बीच एशिया में ऐसे ठिकानों की तलाश में थे, जहां से वह अपने दुश्मन सोवियत संघ और चीन पर काबू रख सकें। जम्मू कश्मीर भूभाग उनकी इन दोनों जरूरतों पर खरा उतरता था। तत्कालीन परिस्थिति, षड्यंत्रकारी ब्रिटिश सोच और अमेरिका के आर्थिक हितों के बीच पाकिस्तान उन्हें एक मोहरे की तरह मिल गया। यदि समग्रता के साथ देखें 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण किया गया, अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कानपुर के घंटाघर पहुंचे तो हजारों लोगों ने जिंदाबाद का नारा बुलंद किया। अमृत विचार



उन्नाव से कानपुर आई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। अमृत विचार



जीप पर बैठकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। अमृत विचार

# 90 फीसदी को हिस्सेदारी के लिए राहुल ने झकझोरा

## ❍ जातीय जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे से पता चलेगा किसके पास कितना पैसा ❍ कैसा रामराज, जहां 90 फीसदी बेरोजगार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने घंटाघर पर एकत्र जनसमूह को अपने संबोधन में मौजूदा सरकार के खिलाफ लगातार झकझोरने का प्रयास किया। घंटाघर पहुंचते ही बिना किसी औपचारिकता के उन्होंने लोगों का अभिवादन किया और अपने वाहन से ही माइक संभाल कर बोलना शुरू कर दिया। उनका पूरा फोकस पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी के अलावा बेरोजगार युवाओं पर रहा। इसके सहारे ही उन्होंने लोगों को सत्ता परिवर्तन के लिए जोड़ने की कोशिश की।

राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत भारत जोड़ो के बाद न्याय यात्रा निकालने का कारण बताने से की। इस दौरान उन्होंने जैसे ही यह कहा कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं, तो जनसमूह ने शोर मचाकर उनकी बात को समर्थन दिया। राहुल गांधी ने कहा कि देश में करीब 90 फीसदी आबादी पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की है, लेकिन उन्हें अपनी भागीदारी के हिसाब से देश में हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। इसके लिए कांग्रेस सत्ता में आई तो जातीय जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे कराया जाएगा ताकि पता चल सके कि पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों व आदिवासियों के पास कितना धन-संपदा है और चंद उद्योगपतियों के पास कितना पैसा है। आज कुछ उद्योगपति हिंदुस्तान के राजा बन बैठे हैं। जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे कराने से ही देश की प्रगति संभव है। भाजपा ने देश में नफरत फैला रखी है। उन्होंने जनता से पूछा कि यह कैसा रामराज है, जहां 90 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है। ट्रेनों व बसों में धक्के खाते हुए युवक परीक्षा देने जा रहे, बाद में पेपर लीक हो जा रहे हैं। देश भाषा, समुदाय, धर्म की नफरत से नहीं बल्कि भाईचारे से चलता है। यूपी, बिहार, नागालैंड, मणिपुर में क्या हो रहा है, किसी से छिपा नहीं है।

**39** वें दिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा कानपुर आई

**06** ठवां दिन रहा प्रदेश में राहुल की यात्रा का

**11** किलोमीटर न्याय यात्रा ने शहर में तय किया सफर

**10** मिनट का संबोधन किया कांग्रेस नेता ने घंटाघर में

### राम मंदिर के उद्घाटन में गरीब, मजदूर, किसान व भूखे नहीं दिखे

कांग्रेस नेता ने लोगों से कहा कि आपने टीवी पर देखा होगा राम मंदिर में कितने भव्य तरीके से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया, लेकिन क्या कोई पिछड़ा, दलित, आदिवासी वहां देखने को मिला। आदिवासी समाज की राष्ट्रपति को मंदिर में प्रवेश नहीं किया करने दिया गया। मंदिर में सिर्फ मोदी, अंबानी व अडानी जैसे लोगों को ही देखा गया। गरीब, मजदूर, किसान, भूखे-नंगे लोग वहीं कहीं नहीं दिखाई पड़े।

राहुल गांधी के वाहन पर शहर अध्यक्ष नौशाद आलम के साथ कांग्रेस सचिव अजय कपूर शामिल रहे। घंटाघर चौराहे के निकट राहुल की गाड़ी में आलोक मिश्रा, विकास अवस्थी, जेपी पाल, अंबरीष सिंह को भी बुलाकर जगह दी गई।

### राहुल को कृष्ण और अजय राय को अर्जुन दिखाया

**कानपुर।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मार्ग पर लगी एक होर्डिंग चर्चा में रही। कांग्रेस के उत्साही कार्यकर्ता ने इस होर्डिंग में महाभारत के दृश्य से प्रेरित होकर राहुल गांधी को श्रीकृष्ण की तरह रथ का सारथी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अर्जुन के रूप में दिखाया। इस होर्डिंग के निहितार्थ निकाले जाते रहे। यह होर्डिंग छावनी क्षेत्र, मॉल रोड और घंटाघर के पास लगी देखी गईं। इनको पीसीसी सदस्य संदीप शुक्ला की तरफ से लगाया गया था। उनकी फोटो पोस्टर में नीचे लगी थी।

### राहुल ने की बद्री नारायण के पौत्र से बातचीत

**कानपुर।** राहुल गांधी को प्रयाग नारायण शिवाला निवासी मानस संगम के संस्थापक और वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ.बद्री नारायण तिवारी के निधन की जानकारी दी गई तो उन्होंने फोन पर परिवार से बात की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि राहुल ने स्वर्गीय बद्री नारायण के पौत्र अभिनव तिवारी से बात करके शोक संवेदना व्यक्त की और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी तथा महासचिव अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से संवेदना प्रकट करने के लिए उनके घर जाने को कहा।

### दूसरे राज्यों के 50 यात्री आए

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विभिन्न राज्यों और यूपी के जिलों से शामिल 50 यात्री भी कानपुर पहुंचे। इनका शहर कांग्रेस कमेटी ने स्वागत किया। इनमें असम, बिहार, झारखंड के तीन दर्जन यात्री शामिल रहे। राहुल ने शहर अध्यक्ष और अन्य नेताओं को 24 फरवरी को मुरादाबाद से शुरू होने वाली यात्रा में शामिल होने का न्यौता भी दिया।



यात्रा के मद्देनजर कई जगह बेरीकेडिंग से राहगीर परेशान हुए। अमृत विचार


**कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

**अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य+ टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य हरपाल के घर से साहब सिंह के प्लाट तक | 1.73 | 3460.00 | 250+ 50 | 3 माह | ग्राम पंचायत पचखुरा |

अन्य शर्ते :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)




पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह जत्था लेकर पहुंचे। अमृत विचार

# गुटबाजी का रहा खेल स्वागत में कांग्रेसी फेल

विशेष संवाददाता, कानपुर

● गंगापुल से घंटाघर तक टुकड़े-टुकड़े में बंटा दिखा कनपुरिया जोश

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत में कानपुरिया जोश पर कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी भारी नजर आई। हर किसी ने अपना प्रचार और समर्थकों की भीड़ दिखाने पर ज्यादा जोर दिया। इसके चलते स्वागत कहीं-कहीं रस्म अदायगी जैसा बन गया और यात्रा लोकसभा चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं में जमीन पर उतरकर संघर्ष करने का वैसा जज्बा नही भर पायी जिसकी उम्मीद लगाई जा रही थी।

कांग्रेस से लोकसभा टिकट के दावेदारों ने भी राहुल गांधी के स्वागत में सारा प्रचार गंगापुल से घंटाघर चौराहे तक ही सीमित रखा। कांग्रेस नेता अलग-अलग गुटों में स्वागत को उतावले दिखाई दिए। फ्रंटल संगठन और प्रकोष्ठों की मौजूदगी तो नजर आई लेकिन नेता के लिए जो उत्साह होना चाहिए वह नदारद ही रहा।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पनचक्की चौराहा, नरौना माल रोड चौराहा, घसियारी मंडी, हूलागंज चौराहा गणेश मंदिर होते हुए घंटाघर पहुंची। सभास्थल घंटाघर चौराहे पर आठ से दस हजार के बीच लोग उपस्थित रहे। कांग्रेस सेवादल छोटे से समूह में पनचक्की चौराहे पर बावर्दी स्वागत में उपस्थित रहा। रूट के बीच राहुल के वाहन पर फूल भी बरसाए गए। न्याय यात्रा करीब पौने 12 बजे झाड़ीबाबा पहुंची जहां पर कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। यहां कुछ युवक बेरोजगारी के नारे लिखी तख्तियां लिए खड़े थे जिनसे राहुल मिले। इस दौरान उन्होंने युवकों को यह कहते हुए ढांढस बंधाया कि समय बदलेगा। यात्रा मार्ग पर न्याय योद्धा भी तख्तियां लिए खड़े दिखायी दिए। न्याय यात्रा में यूपी के प्रभारी राष्ट्रीय और कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे, जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, प्रमोद तिवारी, सचिव अजय कपूर, नीलांशु त्रिपाठी, विधायक आराधना मिश्रा मोना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, प्रवक्ता सुप्रिय श्रीनेत, मीडिया प्रभारी अभय दुबे, पीएल पुनिया आदि रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

**अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य+ टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य धर्म सिंह के मकान से पानी की टंकी के पास तक | 4.59 | 9180.00 | 450+ 80 | 3 माह | ग्राम पंचायत पचखुरा |

अन्य शर्ते :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

**अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य+ टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य रामजस के खेत से छोटे के खेत तक | 6.20 | 12400.00 | 450+ 80 | 3 माह | ग्राम पंचायत पचखुरा |

अन्य शर्ते :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत गढा विकास खण्ड मौदहा – हमीरपुर।**

पत्रांक 147/निविदा प्रकाशन / मनरेगा/2023–24 दिनांक 21.02.2024

**अल्पकालीन निविदा – प्रकाशन**

ग्राम पंचायत गढा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0 / लो0नि0वि0/सि0वि0 / आयकर / व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।
उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 22/02/24 से 01/03/2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 02/03/2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू0 में जी0 एस0टी0)सहित | सामग्री अंश (रू0 में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अविध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सी0सी0/नाली निर्माण कलुवा यादव से बृजकिशोर तक | 307778 | 257863 | 5150 | 250+18% GST | 3 माह |
| 2 | सी0सी0 / नाली निर्माण इन्द्रपाल के दरवाजे से मनोज के दरवाजे तक | 511514 | 436000 | 8720 | 450+18% GST | 3 माह |
| 3 | सी0सी0/नाली निर्माण रामगुलाम के दरवाजे से संतोष के दरवाजे तक | 719815 | 622250 | 12450 | 450+18 %GST | 3 माह |
| 4 | पशुआश्रय स्थल रमेश पुत्र चुनूबाद के घर में | 189942 | 160780 | 3215 | 250+18 %GST | 3 माह |

निविदा हेतु शर्ते :–
1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0 / डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत गढा वि0ख0 मौदहा–हमीरपुर के नाम बंधक / देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016 –176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनुसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. पृथक–पृथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरनें होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33–3–2022–11/2022 पंचायतीराज अनुभाग 3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/ अडतीस–7–2022–63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें।
12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये। 13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

सोनम सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा0पं0–गढा

नितेश कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा0पं0–गढा



**कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

**अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रुद्व मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य+ टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य रमेश पांडे के खेत से पिपरहा देव बाबा तक | 4.68 | 9360.00 | 450+ 80 | 3 माह | ग्राम पंचायत पचखुरा |

अन्य शर्ते :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)

## एक नजर

### सीबीएसईः 10वीं हिंदी का आसान रहा पेपर

अमृत विचार लखनऊ : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई बोर्ड सीबीएसई की परीक्षायें जारी हैं। बुधवार को दसवीं की परीक्षा में हिंदी विषय की परीक्षा छात्र-छात्राओं ने दी। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बातचीत में बताया कि प्रश्नपत्र सरल था। छात्रों ने बताया कि कुछ प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था जिससे हल करने में दिक्कत हुई बाकी पेपर ठीक था। सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। बता दें कि लखनऊ के 38 केन्द्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दें रहे हैं। सीबीएसई के क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर डॉ जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा में निगरानी के लिए सचल दल सक्रिय हैं बुधवार को भी परीक्षा दौरा कोई गड़बड़ी कि शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गये हैं कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाये।

# 22 को वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। इस दौरान उनके भव्य स्वागत की तैयारी है। लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने के साथ वे 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। चुनाव की घोषणा से पहले यह उनके दूसरे कार्यकाल का आखिरी दौरा होगा।

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू अतिथि गृह पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। उनकी अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरक़त करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

**▶▶ लोकसभा चुनाव का करेंगे शंखनाद, 14316.07 करोड़ की 36 परियोजनाओं की देंगे सौगात**

### दूध की धारा पूर्वांचल के लगभग 1346 गांवों में लाएगी रोजगार

23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमूल के सबसे बड़े प्लांट बनास डेयरी का उद्घाटन करेंगे। परियोजना से करीब एक लाख लोगो को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके शुरू होने से पूर्वांचल के किसानों व गो पालकों की आय भी दोगुनी होगी। लोग दूध के साथ मिठाई, आइसक्रीम, पनीर, खोआ, घी और अन्य मिल्क प्रोडक्ट का स्वाद चख सकेंगे। इसमें बनारस का ख़ास लौंगलता और लाल पेड़ा भी होगा। 622 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 दिसंबर 2021 को किया था। बनास डेयरी अमूल इंडस्ट्रियल एरिया का निर्माण करखियांव, एग्रो पार्क में 30 एकड़ में हुआ है।

# हेल्पलाइन नंबर्स के साथ लाइव मॉनीटरिंग भी की जाएगी

## परीक्षार्थियों की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केंद्र लखनऊ, परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों एवं जनपद स्तरीय कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं शुरू कराई गई हैं।

**ड्यूटी से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई** : शासन ने बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक एवं अन्य कार्यों के संपादन के लिए लगाई गई ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की व्यवस्था की है। विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड परीक्षा स्पेशल बसों, परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, परीक्षा केंद्रों एवं आस-पास की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन, परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्मिकों को आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जा रही है।

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

**▶▶ विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए चलाई गई स्पेशल बसे**

### ये होगा पहली बार

▶▶ कक्षों में लगाए गए लगभग 3 .11 लाख कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण के साथ सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कम्प्यूटराइज्ड परिचय पत्र जारी किया गया है।

▶▶ उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ पर क्यूआर कोड, क्रमांक संख्या एवं लोगो के अतिरिक्त उसके आंतरिक पृष्ठ पर भी परिषद का लोगो तथा प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या के साथ-साथ चार अलग-अलग रंगों में सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं मुद्रित कराई गई हैं।

▶▶ क्विक रिस्पॉस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाकर जनसामान्य को गुमराह करने और सरकार की छवि धूमिल करने के प्रयासों की निगरानी करेगी और त्वरित कार्यवाही कराएगी।

# भाजपा में शामिल हुए सपा और बसपा के कई पूर्व सांसद-विधायक

## शीशराम, दानिश, कालीचरन, अवाना, कमलेश, अम्बेश, भोनूराम, छब्बू, रामप्रकाश ने हजारों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : सपा, कांग्रेस और बसपा से तमाम दिग्गज नेताओं का भाजपा में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य मुख्यालय पर बुधवार को आठ ऐसे नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता दिलाई जो कभी सांसद और विधायक रहे। इसी के साथ संगठन में भी बड़े ओहदे पर काम करने वाले और पूर्व में प्रत्याशी रहे सपा, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं समेत इन दलों से जुड़े तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों ने भी हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि (बिजनौर), बसपा के पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ. दानिश कमाल, सपा के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक कालीचरन सोनकर (मीरजापुर), बसपा के पूर्व एमएलसी अनिल कुमार अवाना (गौतमबुद्धनगर), सपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर (कानपुर ग्रामीण), सपा से पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी (हमीरपुर), सपा सरकार में मंत्री रहे स्व. राजेन्द्र सिंह राणा की पुत्री प्रियम्वदा राणा (सहारनपुर), सपा के पूर्व विधायक भोनूराम सोनकर (गाजीपुर), बसपा से तीन बार विधायक छब्बू पटेल (चन्दौली), सपा के पूर्व विधायक डॉ. राम प्रकाश कुशवाहा (कानपुर), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. ऋचा सिंह (प्रयागराज पश्चिम), फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेन्टस वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरिओम कठेरिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी (इटावा), यूपी श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि. के पूर्व चेयरमेन सुशील कुमार कटियार, जिला अधिवक्ता संघ बांदा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. रामनाथ दुबे के पुत्र राजेश कुमार दुबे, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कोरी, बहुजन समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम, झांसी से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरके अहिरवार बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसी के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित होने वालो में बसपा से उरई, जालौन के नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका बस्ती नेहा वर्मा, सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जफर बेग (बरेली), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव नंद, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक कुमार त्रिपाठी (प्रतापगढ़), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा (ललितपुर), सपा के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव (जौनपुर), पूर्व निर्दल विधानसभा ललितपुर रमेश खटीक, सपा मजदूर सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन श्रेष्ठ, सपा मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रमणि राय (सोनभद्र), पूर्व प्रदेश सचिव सपा छात्रसभा विवेक यादव (जौनपुर), सपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेनु बाला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सचान, आप के अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश बाल्मीकि, अखिल भारतीय अयोध्या वासी युवा वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से अपने समर्थको के साथ सम्मिलित हुए।

भाजपा परिवार में नगर पंचायत के अध्यक्षों में गरौठा, झांसी से डॉ. अरूण मिश्रा, मेंडू हाथरस से सचेन्द्र कुशवाहा, मुण्डरेवा बस्ती से सुनील सिंह, सादाबाद हाथरस से हेमलता, भरगेंन कासगंज से चमन खां, मोहनपुर कासगंज से पुनीत यादव, सिढ़पुरा कासगंज से कंचन गुप्ता, उसावां बदायूं से प्रियंका चौहान अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।



बुधवार को राज्य मुख्यालय पर सपा व बसपा के विधायक व सांसद को भाजपा की सदस्यता दिलाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, साथ में अन्य। अमृत विचार

**▶▶ कई दिग्गजों समेत विरोधी दलों के तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधि भी बने भाजपाई**

### 80 सीटें जीतने को मिलकर करेंगे कामः भूपेंद्र

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न विचारधाराओं व विभिन्न राजनीतिक दलों में काम करने वाले बड़ी संख्या में जुड़ना चाहते हैं। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी भारतीय जनता पार्टी मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लिए मिलकर काम करेंगें।

### रायबरेली की जनता भी उतारेगी राहुल का नशा : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओ को नशेड़ी बता रहे है। 2019 में अमेठी की जनता ने उनका नशा उतारा था, अब 2024 में रायबरेली की जनता उनका नशा उतारेगी। युवाओं का अपमान करना कांग्रेस के युवराज की आदत हो गई है।

### गांव में सेवाएं देने पहुंचेगी टीएमटी मेडिकल बस

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोटस टीएमटी मेडिकल बस से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। इस बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा, दंत परीक्षण एवं चिकित्सा , पैथोलॉजी प्रयोगशाला, सामान्य चिकित्सा, इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी, एक्स-रे सहित कई सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री, बुधवार को राजभवन कॉलोनी स्थित सरकारी आवास पर मेडिकल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान बोल रहे थे।

# आईआईटी कानपुर का होगा अपना 500 बिस्तर का अस्पतालः दुर्गा शंकर मिश्र

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इनोवेशन(नवाचार) हमारे देश का नया मंत्र है। इकोसिस्टम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में अंतिम छोर तक पहुंच रहीं हैं। स्टार्टअप मूवमेंट इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देता है। इसी क्रम में कानपुर में आईआईटी द्वारा 500 बिस्तर का अस्पताल बनवाया जा रहा है।

**▶▶ इलाज के साथ ही शोध को मिलेगा बढ़ावा**

मुख्य सचिव, बुधवार को लोकभवन में परिवार कल्याण विभाग और एपीएसी न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हेल्थकेयर इनोवेशन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही शोध भी होंगे, जो कि इलाज को आसान और गुणवत्ता युक्त बनायेंगे। इसके लिए आईआईटी कानपुर और केजीएमयू के प्रोफेसर्स अभी से नए-नए उपकरणों का अनुसंधान कर रहें हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा वितरण पर टेलीमेडिसिन के परिवर्तनकारी प्रभाव की भी सराहना की।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन कुमार ने ईज ऑफ हेल्थी लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने के लिए जोर दिया। उन्होंने पोर्टल-आधारित डेटा एनालिटिक्स और 150 से अधिक अस्पतालों में 16 सीसीटीवी कैमरों के संबन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि तकनीक के द्वारा हम प्रदेश भर की स्वास्थ्य सेवाओं की 24 घंटे निगरानी रख रहें हैं।

कॉन्क्लेव में मध्य प्रदेश के डॉ. पंकज जैन समेत लखनऊ के चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों ने भी संबोधित किया।

# लोन देने में संकोच न करें बैंक, मिलेगी हर सुरक्षा सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।

बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। लोन मेलों का यह क्रम आगे भी जारी रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड , 1111 बैंकिंग आउटलेट की शुरुआत की और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जिले में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

**▶▶ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने की चालू वित्तीय वर्ष की समीक्षा**

**▶▶ सात सालों में 12.80 लाख करोड़ से 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय**

### 2,98,551 करोड़ का दिसंबर 2023 तक बांटा लोन

साल 2016-17 में बैंकों द्वारा राज्य में कुल 137452 करोड़ लोन बांटा किया गया था। जबकि 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का लोन दिया गया। और दिसंबर 2023 तक 298551 करोड़ का लोन वितरित जा चुका है।

### आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र कंप्यूटर में बनेंगे दक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अब कंप्यूटर शिक्षा में भी दक्ष होंगे। अप्रैल से आईपी फाउंडेशन की ओर से उनको कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्यनरत हैं। छात्रों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए आईपी फाउंडेशन ने समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत को प्रस्ताव दिया। निदेशक कुमार प्रशांत ने अप्रैल से निशुल्क प्रशिक्षण देने पर सहमित जता दी है। उन्होंने बताया कि सूचना क्रांति में नए-नए परिवर्तन हो रहे हैं। छात्रों का जब कंप्यूटर की संपूर्ण जानकारी होगी तो भविष्य में उनको मदद मिलेगी। ग्राफिक डिजाइनिंग आदि भी उनके लिए कारगर साबित होगी।

## वर्ग पहेली-350

**बाएं से दाएं**

3.1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4.1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7.1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।


8.1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



### वर्ग पहेली - 349 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | ■ | 2 घ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | ■ | घ | ■ | ली |
| ल | ■ | ■ | ड़ा | ■ | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | ■ | ■ |
| री | ■ | ■ | 7 ट | कु | ली |
| ■ | 8 ज | ड़ी | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू-67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 8 | | | 1 | |
| 5 | | | 1 | | 6 | | 4 | |
| 9 | | | | | 7 | | | 2 |
| | | 8 | 3 | | | | | 6 |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| 4 | | | 6 | | 5 | 7 | | |
| | | | 9 | | 2 | | | 5 |
| | 7 | | | | | | | 3 |
| | 6 | | | 1 | | 2 | | |

### सुडोकू - 66 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 13 .21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

**वृष** – आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** – आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

**कर्क** – आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** – आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या** – आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

**तुला** – आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक** – आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

**धनु** – आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

**मकर** – आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

**मीन** – आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 16 .43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
परदेसी बाबू – सुबह : 10 .00
सीता और गीता – रात : 07 .00

**SONY MAX**
बेफ़िक्रे – सुबह : 09 .00
स्ट्रीट डांसर थ्री डी – रात : 07 .00

**SONY PIX**
इट – सुबह : 11.29
स्पाइडर मैन-2 – रात : 08 .45

**ZEE CINEMA**
एक : द पावर ऑफ वन – सुबह : 10 .30
टॉयलेट - एक प्रेम कथा – रात : 07 .30

**colors CINEPLEX**
खूबसूरत – दोपहर : 12 .09
मद्रास कैफे – रात : 10 .28

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)**- | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफार्म | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14600-14800 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चनादाल | 7050-7150 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,850 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

### एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

# ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिअ अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

# महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा

**बढ़ेगी आय**

- हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण
- 54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर

जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

**अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखी:** पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

**केंद्र की योजना में ये जिले:** बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

**ये होंगे मुख्य कार्य**

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे

**-दीपा रंजन,** मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

# भारत में 2024 में कर्मचारियों का वेतन 9.5 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नैसकॉम-एऑन पीएलसी के सर्वेक्षण में लगाया अनुमान

भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह 2023 की वास्तविक वेतनवृद्धि 9.7 प्रतिशत से थोड़ा कम है।एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी के वार्षिक वेतनवृद्धि व कारोबार सर्वेक्षण 2023-24 भारत के अनुसार, वैश्विक महामारी के बाद 2022 में उच्च वेतनवृद्धि के बाद भारत में वेतन वृद्धि एक अंक यानी 10 प्रतिशत से कम पर स्थिर हो गई है। सर्वेक्षण में करीब 45 उद्योगों की 1,414 कंपनियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। भारत में एऑन में प्रतिभा समाधान के साझेदार एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी रूपांक चौधरी ने कहा कि भारत के संगठित क्षेत्र में वेतन में अनुमानित वृद्धि उभरते आर्थिक परिदृश्य के सामने एक रणनीतिक समायोजन का संकेत देती है। उन्होंने कहा- बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की वृद्धि मजबूत है। यह कुछ क्षेत्रों में लक्षित निवेश की आवश्यकता का संकेत देता है।

## जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

# भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले



जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।

## राष्ट्रीय

# शादी के कारण महिला को बर्खास्त करना लैंगिक भेदभाव का गंभीर मामला

### उच्चतम न्यायालय ने सैन्य नर्सिंग सेवा की नौकरी से हटाने के मामले में की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-हम ऐसी किसी भी दलील को स्वीकार करने में असमर्थ



उच्चतम न्ययालय ने कहा है कि सेवा नियमों के तहत विवाह के कारण किसी महिला की सेवाएं समाप्त करना लैंगिक भेदभाव और असमानता का स्पष्ट मामला है तथा ऐसे पितृसत्तात्मक मानदंडों को स्वीकार करना मानवीय गरिमा को कमतर करता है।

न्यायालय ने यह तीखी टिप्पणी उस मामले में की जिसमें पूर्व लेफ्टिनेंट सेलिना जॉन को उनकी शादी के कारण सैन्य नर्सिंग सेवा की नौकरी से हटा दिया गया था। न्यायालय ने केंद्र को जॉन को 60 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि हम ऐसी किसी भी दलील को स्वीकार करने में असमर्थ हैं कि प्रतिवादी- पूर्व लेफ्टिनेंट सेलिना जॉन, जो सैन्य नर्सिंग सेवा में स्थायी कमीशन अधिकारी थीं, को इस आधार पर मुक्त किया जा सकता है कि उन्होंने शादी कर ली है।

पीठ का यह आदेश सशस्त्र बल न्यायाधिकरण की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार की अपील पर आया है, जिसमें जॉन की बर्खास्तगी को गलत और अवैध बताया गया था। पीठ ने कहा कि न्यायाधिकरण के आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उसने कहा कि मौजूदा मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर गौर करते हुए, हम अपीलकर्ता (भारत सरकार) को प्रतिवादी को आठ सप्ताह के अंदर साठ लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश देते हैं।

पीठ के न्यायाधीश ने न्यायाधिकरण के आदेश को संशोधित करते हुए कहा कि मुआवजा पूर्व अधिकारी द्वारा किए गए सभी दावों का "पूर्ण और अंतिम निपटान" होगा। न्यायाधिकरण ने जॉन को पिछले वेतन और अन्य लाभों के साथ बहाल करने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली में आग से बचने के लिए महिला चौथी मंजिल से कूदी, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बुधवार को एक आवासीय इमारत में लगी आग से बचने के लिए उसकी चौथी मंजिल से कूदने पर 83 साल की एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जासुरी देवी के रूप में हुई है और घायल महिला की पहचान 30 वर्षीय पूजा पंत के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि एक आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली और दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-बचाव कार्य के लिए मामले की जानकारी अग्निशमन अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका के सेक्टर 10 इलाके में पैसिफिक अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट में आग लगी थी, तभी यह घटना हुई।




**बारामूला :** उरी में नियंत्रण रेखा पर कमान पोस्ट पर अमन सेतु पुल की यात्रा के दौरान पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजलि तेंदुलकर और बेटी सारा तेंदुलकर के साथ पहुंचे। • एजेंसी

## एक नजर

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

**जम्मू।** रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

### बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

**लखीसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

**लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिला:** राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

# गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

# मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

## जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

# अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना



भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा,''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

बंधन



बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी एक-दूसरे के हो गए हैं। जैकी और रकुल दुल्हा-दुल्हन बने प्यारे लग रहे हैं। कपल ने इंस्टाग्राम पर खुद वेडिंग फोटोज शेयर की है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत, जांच

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं। अधिकारियों द्वारा उनके परिवार के साथ विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम उनकी मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं और अब इस सिलसिले में गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

### इजरायली मिसाइल ने दमिश्क को बनाया निशाना

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास एक आवासीय अपार्टमेंट और काफर सौसा में एक ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया।

### सीमा विवाद: भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला

# भारत-चीन ने सैन्य वार्ता की, समाधान का संकेत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें दोनों पक्ष जमीन पर "शांति और स्थिरता" बनाए रखने पर सहमत हुए लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई।

घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समाधान के आगे के तरीकों पर उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। इसने कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण" माहौल में हुई वार्ता में मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे के रास्ते पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने अंतरिम रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी। वार्ता के उस दौर के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले महीने थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति "स्थिर", लेकिन "संवेदनशील" है। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय सैनिकों की अत्यधिक उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बरकरार है। जनरल पांडे ने यह भी कहा था कि भारत और चीन दोनों 2020 के मध्य में मौजूद रही "यथास्थिति" पर लौटने के उद्देश्य से सैन्य और राजनयिक स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।

#### लद्दाख सीमा पर गतिरोध भी हुआ था पैदा

वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर ने किया जबकि चीनी दल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। यह दो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष था।

## इंदौर के युवा पेशेवर ने थाईलैंड की महिला से रचाई शादी


**इंदौर।** जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने दो अलग-अलग संस्कृतियों के जोड़े की शादी पर सरकारी मोहर लगा दी है। शहर के एक युवा पेशेवर ने थाईलैंड की एक महिला के साथ अपनी शादी को इस कार्यालय में पंजीकृत कराया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) रोशन राय ने बताया कि इंदौर के प्रतीक दीक्षित ने थाईलैंड की सुपात्रा से मंगलवार को विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपनी शादी पंजीकृत कराई और इस जोड़े के नाम इसका प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि वर या वधू में से कोई भी एक व्यक्ति भारतीय नागरिक हो, तो जोड़े की शादी को देश के विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। दूल्हे प्रतीक दीक्षित ने बताया, सुपात्रा पहले मेरे साथ एक बैंक में काम करती थीं। मैं अपनी पहली नौकरी के दौरान उनसे पुणे में मिला था। उन्होंने बताया कि सुपात्रा की मां, दीदी और बहनोई उनकी शादी में शामिल होने थाईलैंड से इंदौर आए। दुल्हन सुपात्रा ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं अपनी शादी से निश्चित तौर पर उत्साहित हूं, पर अभी मीडिया के कैमरों से मुझे थोड़ी घबराहट भी हो रही है।

# पाकिस्तान में शहबाज फिर बनेंगे पीएम आसिफ जरदारी दूसरी बार होंगे राष्ट्रपति

### पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच नई गठबंधन सरकार पर सहमति बनी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने की घोषणा

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके। इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है। साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है। जियो न्यूज ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे।

#### नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली एक याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5,00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया।

#### पाकिस्तान में आम चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों की व्यापक तरीके से जांच होनी चाहिए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान में हाल में संपन्न आम चुनावों में हस्तक्षेप या गड़बड़ी के आरोपों की देश के कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत पारदर्शी तरीके से व्यापक जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मिलर चुनाव में धांधली के संबंध में रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने 17 फरवरी को आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश आठ फरवरी को हुए चुनावों में "गड़बड़ी" में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संसद में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरने और सामने आए जनादेश के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि वह यह मामला पाकिस्तान पर छोड़ देंगे लेकिन हम चाहते हैं कि गड़बड़ी के किसी भी दावे या अनियमितताओं के आरोपों की पूरी जांच हो।

रायसीना डायलॉग 2024



नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

## ब्रिक्स के आवेदन पर जल्द विचार की उम्मीद में पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी :** पाकिस्तान को विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है। पाकिस्तान की सीनेट की रक्षा समिति के अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन सैयद ने स्पूतनिक से कहा कि उनके देश को 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है और पाकिस्तान की उपस्थिति से ब्लॉक और मजबूत होगा।

## उत्तरी गाजा में अराजकता के कारण खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रोकी गई

**रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा न मुहैया कराने के कारण भुखमरी का सामना कर रहे फलस्तीनी अक्सर खाद्य पदार्थ से लदे इन ट्रकों पर टूट पड़ते हैं।

# नीट-यूजी: पांच मई को 14 विदेशी शहरों में होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित होगी

मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में परीक्षा के संबंध में जारी सूचना बुलेटिन में परीक्षा देने के लिए भारत के बाहर केंद्रों का कोई उल्लेख नहीं था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी। जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर (मलेशिया), लागोस (नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब) और सिंगापुर शामिल हैं।

नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पाराशर ने कहा, जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, लेकिन वे भारत के बाहर के केंद्रों पर परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण खिड़की पर सेवा समाप्त होने के बाद केंद्र और देश की पसंद में बदलाव करने का अवसर मिलेगा। नीट-यूजी आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा स्नातक (बीडीएस), आयुर्वेद, औषधि एंव शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएएमएस), सिद्ध औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएसएमएस) और यूनानी औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीयूएमएस) समेत अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है जबकि परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाएगा।

## भारतीय रेस्तरां प्रबंधक पर सात साल का प्रतिबंध

**लंदन।** पूर्वी इंग्लैंड में एक भारतीय रेस्तरां के प्रबंधक पर बांग्लादेश से तीन श्रमिकों की अवैध भर्ती करने के लिए कंपनी के निदेशक के रूप में सात साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इकबाल हुसैन (51) ने हर्टफोर्डशायर के स्टैनस्टेड एबॉट्स क्षेत्र में स्थित टेस्ट ऑफ राज' में श्रमिकों को काम पर रखा था। 2020 में आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा रेस्तरां पर छापा मारने के बाद यह जानकारी सामने आई। ब्रिटेन की परिसमापन सेवा ने हुसैन पर 2031 तक व्यवसाय चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आवश्यक जांच सुनिश्चित करने में इकबाल हुसैन की विफलता के परिणामस्वरूप आव्रजन, शरण और राष्ट्रीयता अधिनियम 2006 के उल्लंघन में तीन अवैध श्रमिकों को रोजगार मिला।

जागरूकता अभियान



मेरठ : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मतदान जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लिए हुए।

## ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

**वाशिंगटन।** जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपित के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया।

## हिमाचल में बर्फबारी, 387 मार्गों पर आवाजाही बंद

**शिमला, एजेंसी**

- बिजली के 895 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और पर्वतीय इलाकों पर एक बार फिर से बर्फबारी और बारिश होने के बाद बुधवार को लोगों ने कंपकंपाती ठंड का अनुभव किया और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राज्य आपात प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 387 मार्गों पर बर्फबारी की वजह से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी और बिजली के 895 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गये।

लाहौल और स्पीति में सबसे ज्यादा 288 मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई। वहीं चंबा और कुल्लू में क्रमशः 77 और 12 मार्गों पर वाहन नदारद दिखे। कोकसर और अटल टनल के इलाकों में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, वहीं सिस्सू और कोठी में 30 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज की गई। केलांग, कुसुमसेरी और भारमौर में क्रमशः 18 सेंटीमीटर, 15.3 सेंटीमीटर और आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक, मनाली में सबसे अधिक 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मनाली के बाद सलूनी, तिस्सा और चंबा में क्रमशः 25.3, 20 और 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सियोबाग और बैजनाथ में क्रमशः 11 और आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री तक गिर गया और कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। आपात केंद्र के मुताबिक, कुसुमसेरी इलाका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 7.1 डिग्री नीचे तक गिर गया।

खोजबीन

### प्लूटो से बाहर हो सकती है इसकी कक्षा, अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस तलाश में जुटी

# 9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने

**कार्यालय संवाददाता, नैनीताल**

- कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं
- अध्ययन में इस ग्रह को मायावी ग्रह माना गया है

**अमृत विचार:** हमारे सौर मंडल के 9 वां ग्रह प्लैनेट एक्स के छिपे होने के संकेत मिले है। यह ग्रह प्लूटो की कक्षा के बाहर छिपा हो सकता है। बहरहाल अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस के जरिए इस ग्रह की तलाश में जुटी हुई है।

लंबा समय बीत चुका है, लेकिन प्लैनेट 9 का रहस्य बना हुआ है। वैज्ञानिकों इसका अस्तित्व होने का दावा कर बहुत पहले कर चुके हैं। भारतीय पुराणों के अनुसार भी हमारे सौर मंडल में 9 ग्रह होने की बात कही गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह के कारण सौर मंडल में इसकी हलचल होने यानी गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का पता चलता रहा है। मगर, अभी तक इसे देखा नहीं जा सका है। हाल ही में द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में ताजा शोध प्रकाशित हुआ है। जिसमें इस ग्रह को अध्ययन में मायावी ग्रह माना गया है और अभी तक के अध्ययन में इसके संभावित रूप से सौर मंडल के बाहरी क्षेत्र बौने ग्रह प्लूटो की कक्षा से परे परिक्रमा करने की बात कही गई है।

यह शोध प्लैनेट नाइन के संभावित स्थानों को चयनित करता है और इसके गठन के साथ विकासवादी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इस कारण इस शोध को अहम माना जा रहा है।

कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि पैन-स्टारआरएस के जरिए पैनोरमिक सर्वे टेलीस्कोप से इसके आगे की तलाश की जाएगी। अब तक गणना के अनुसार सौर मंडल के लगभग 78 प्रतिशत संभावित स्थानों को हटा दिया गया है और अब सिर्फ 28 फीसद भाग में ही तलाश की जाएगी।



#### प्लैनेट 9 के द्रव्यमान का अनुमान भी लगा लिया

इस ग्रह के द्रव्यमान का अनुमान वैज्ञानिक लगा चुके हैं। पृथ्वी से इसका द्रव्यमान अधिक है और मायावी जैसा व्यवहार कर रहा है। जिस कारण इसका पता लगाने में मुश्किल हो रही है। बहरहाल इसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यदि सफलता मिली तो सौर मंडल के कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

## घर पर प्रसव का प्रयास महिला और शिशु की मौत

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- महिला शेमीरा बीवी चौथी बार बनने वाली थी मां

करक्कमंडपम में मंगलवार शाम किराये के एक घर में एक्यूपंक्चर उपचार के माध्यम से प्रसव कराने की कोशिश में 36-वर्षीया एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जैसे ही चौंकाने वाली यह घटना सामने आई, महिला के पति नयाज को सुबह नेमोम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नयाज पूनथुरा का रहनेवाला है और साउंड सिस्टम से संबंधित काम करता है। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, महिला शेमीरा बीवी चौथी बार मां बनने वाली थी और उसने गर्भावस्था की नौ महीनों की अवधि में कभी चिकित्सक से परामर्श नहीं लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती ने कथित तौर पर एक डॉक्टर के बजाय एक एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ की मदद ली जो उनके किराये के घर पर अक्सर आता रहता था। महिला को मंगलवार को कुछ समस्या पैदा हो गयी थी और आखिरकार शाम को उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके नवजात को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला और नवजात शिशु की मौत की खबर फैली, स्थानीय पार्षद, आशा कार्यकर्ता और पड़ोसी नयाज के खिलाफ मुखर हुए और आरोप लगाया कि वह (नयाज) अपनी पत्नी को न तो चिकित्सक से परामर्श लेने देता था, न ही उचित इलाज कराने की अनुमति देता था।